मंगलवार, 4 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 22 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 5:55 | सूर्यास्त: 17:41 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** ग्रन्थालय को कण्ठस्थ करनेवाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हैं।



आज वर्ल्ड कप फाइनल की हार का बदला लेने उतरेगी भारतीय टीम -पृष्ठ 8




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## रूस के साथ युद्ध समाप्त होने के 'दूर, दूर तक आसार नहीं': जेलेंस्की



**कीव :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश और रूस के बीच जारी युद्ध समाप्त होने के ''अभी दूर, दूर तक आसार नहीं है।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके हाल के तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद अमेरिका की तरफ से उन्हें समर्थन मिलता रहेगा। जेलेंस्की ने पिछले तीन वर्षों से जारी युद्ध में अमेरिका की ओर से मिले समर्थन का जिक्र करते हुए रविवार देर रात कहा, ''मेरा मानना है कि हमारा संबंध (अमेरिका के साथ) ऐसे ही मजबूत रहेगा।'' उन्होंने लंदन से रवाना होने से पहले एक प्रेस वार्ता में कहा, ''मेरा मानना है कि यूक्रेन की अमेरिका के साथ इतनी मजबूत सा-झेदारी है'' कि सहायता जारी रह सके। जेलेंस्की लंदन के दौरे पर थे जहां ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन को समर्थन देने के लिए यूरोप के नेताओं की बैठक बुलाई थी।

# राज्य में औद्योगिक परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : ममता

### मुख्यमंत्री ने कहा.. 'कालीघाट स्काई वॉक का 14 व जगन्नाथ मंदिर का 30 अप्रैल को होगा उद्घाटन'



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सचिवालय नवान्न में स्टेट लेवल इन्वेस्टमेंट सिनेर्जी कमेटी (एसएएलआईएससी) की एक चर्चा बैठक हुई जहां खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद रहीं। बैठक मे मुख्यमंत्री ने क्या कहा कि मैं दुर्गापुर और हल्दिया में आईएनटीटीयूसी के अध्यक्षों को बदलूंगी। रात में निगरानी टावर को और अधिक बढ़ाने की जरूरत है। वहीं, निगरानी के लिए सीसीटीवी पर ध्यान रखना होगा कि वह अच्छी स्थिति में होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कालीघाट स्काई वॉक का उद्घाटन 14 अप्रैल को किया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैं उद्योगपतियों से कहूंगी कि अगर कोई उनसे पैसा मांगे तो वे पैसा न दें। लेकिन यह भी याद रखें कि वह लोग अचानक 500 लोगों को नौकरी से निकाल देगें तो यह भी नहीं चलेगा। कोई समस्या है तो दोनों पक्षों को बैठकर चर्चा कर इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अफसरों को चेताया कि किसी भी जरूरी फाइल को अनावश्यक कारणों से रोका न जाए। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर कोई फाइल रुकी हुई है, तो उसकी जांच कर जल्द समस्या का समाधान किया जाए ताकि औद्योगिक परियोजनाएं रुकें नहीं। इस दौरान, उन्होंने राज्य में छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास पर जोर देने के साथ अधिकारियों को लालफीताशाही खत्म करने का कड़ा निर्देश दिया। ममता ने साफ कहा कि फाइलें अटकने की वजह समझी जाए और बिना देरी के लंबित मामलों का निपटारा किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अफसरों को चेताया कि किसी भी जरूरी फाइल को अनावश्यक कारणों से रोका न जाए। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर कोई फाइल रुकी हुई है, तो उसकी जांच कर जल्द समस्या का समाधान किया जाए ताकि औद्योगिक परियोजनाएं रुकें नहीं।बैठक में ममता बनर्जी ने बताया कि राज्य सरकार छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और नए उद्योग लगाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फाइलों की निगरानी नियमित रूप से की जाए ताकि किसी भी स्तर पर अड़चन पैदा न हो। मुख्यमंत्री की इस सख्त चेतावनी को उद्योग जगत के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। उनका यह प्रयास निवेशकों का भरोसा जीतने और बंगाल में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए अहम माना जा रहा है। ममता ने आगे कहा कि दीघा में जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन 30 अप्रैल को किया जाएगा। मैं उन लोगों से कहना चाहूंगी जो अपनी कारें लेकर आना चाहते हैं कि वे 28 अप्रैल की दोपहर तक आ जाएं। क्योंकि अगले दो दिनों तक मंदिर से सटी सड़क के 3 से 4 किलोमीटर के दायरे में किसी भी वाहन को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उत्तर प्रदेश के प्रयाग में कुंभ मेले के मची भगदड़ में कई लोगों की मौत पर सीएम ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि उक्त तरह की घटनाओं से बचने के लिए ही वह आगे से तमाम चीजों के लिए सर्तक हैं और नहीं चाहती हैं कि भीड़ के कारण उक्त तरह की घटनाएं घटे। सीएम ने आगे कहा कि आईटी विभाग में अनेक पद सृजित किए गए हैं। नौकरियां भी सृजित की गई हैं। बीजीबीएस के बाद, आज तक प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण ने औद्योगिक विकास के लिए हमारे 1026 आवेदनों को मंजूरी दी है। भूमि समाधान के लिए कार्रवाई की जा रही है। छह प्रमुख आर्थिक गलियारे बनाए जाएंगे। सीएम ने यह भी कहा कि जहां ज़मीन पड़ी है उस पर कब्ज़ा किया जा रहा है। हमें इस मामले को अगामी तीन दिनों में देख लेना होगा और यह विभाग के प्रधान सचिव की जिम्मेदारी है कि अगर कोई भी जमीन उपयोग में नहीं है तो क्यों नहीं है और उस पर कब्जा है तो किसका है और क्यों है। उक्त की तमाम जानकारी सात दिनों के भीतर हमे देना होगा। अन्यथा, उक्त अधिकारी को उक्त कार्यालय में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन उपयोग करने पर पूरी तरह प्रतिबंध अवांछनीय: अदालत



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में कहा कि स्कूली छात्रों के स्मार्टफोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध एक 'अवांछनीय और अव्यावहारिक' दृष्टिकोण है और इसे विनियमित किया जाना चाहिए तथा निगरानी रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने दिशा-निर्देश जारी किए जो स्कूली छात्रों को स्मार्टफोन के उपयोग की अनुमति देने के लाभकारी और हानिकारक प्रभावों को संतुलित करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में काम करेंगे। न्यायालय ने कहा कि स्कूलों को छात्रों को जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, डिजिटल शिष्टाचार और स्मार्टफोन के नैतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि छात्रों को यह भी सलाह दी जानी चाहिए कि स्क्रीन-टाइम और सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से चिंतित रहने, एकाग्रता कम होने और इंटरनेट पर डराने धमकाने की घटनाएं हो सकती हैं। न्यायाधीश ने 28 फरवरी को पारित आदेश में कहा, ''प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में पिछले वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है, जिसमें शैक्षिक और अन्य संबंधित उद्देश्य शामिल हैं...इसलिए, स्कूल जाने वाले छात्रों के स्मार्टफोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना एक अवांछनीय और अव्यावहारिक दृष्टिकोण है।''

## इंडियाज गॉट लैटेंट मामला: शीर्ष अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया को 'द रणवीर शो' के प्रसारण की अनुमति दी



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को उनके द रणवीर शो को प्रसारित करने की सोमवार को अनुमति दे दी, बशर्ते वह नैतिकता और शालीनता बनाए रखें और यह वचन दें कि यह सभी आयु वर्ग के लिए उपयुक्त है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबादिया की इस दलील पर गौर किया कि पॉडकास्ट उनकी आजीविका का एकमात्र स्रोत है और उनके द्वारा काम पर रखे गए लगभग 280 लोग इस शो पर निर्भर हैं। पीठ ने इलाहाबादिया को गिरफ्तारी से दिये गए अंतरिम संरक्षण को अगले आदेश तक बढ़ा दिया तथा उन्हें गुवाहाटी में जांच में शामिल होने को कहा।

## उच्च माध्यमिक : राज्यभर में एसएफआई के विरोध के बीच पहली परीक्षा संपन्न

### पांच लाख से ज्यादा छात्र दे रहे परीक्षा



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में सोमवार से उच्च माध्यमिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। परीक्षार्थियों को किसी भी परेशानी से बचने के लिए पुलिस ने राज्यभर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) जावेद शमीम ने बताया कि सभी जिलों, पुलिस कमिश्नरेट और रेलवे पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ताकि परीक्षार्थियों की आवाजाही निर्बाध बनी रहे। उन्होंने कहा कि हमने पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने और घर वापस लौटने में कोई दिक्कत नहीं होगी। किसी भी तरह के अवरोध पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पश्चिम बंगाल में इस साल 5.09 लाख छात्र उच्च माध्यमिक परीक्षा दे रहे है, जिसमें अधिकांश छात्राएं हैं। पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने बताया कि पिछले साल 7.90 लाख छात्रों ने बारहवीं की परीक्षा दी थी, लेकिन इस बार परीक्षार्थियों की संख्या घटकर 5.09 लाख रह गई है। कुल परीक्षार्थियों में से 2.77 लाख छात्राएं हैं। परीक्षा 2,089 केंद्रों में हो रही है, जहां नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही, प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाओं पर क्यूआर कोड और बारकोड जैसी विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का तुरंत पता लगाया जा सके। इस साल उच्च माध्यमिक परीक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा साइंस जैसे नए विषय जोड़े गए हैं। कुल 62 विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। उच्च माध्यमिक परीक्षा तीन मार्च से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होगी।

## ऑस्कर 2025 : 'अनोरा' को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार



**लॉस एंजिलिस :** सीन बेकर के निर्देशन में बनी और एक यौन कर्मी के जीवन पर आधारित 'रोमांटिक कॉमेडी' फिल्म 'अनोरा' को रविवार को आयोजित 97वें अकादमी पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। कान फिल्मोत्सव में भी पाल्म डी'ओर पुरस्कार जीत चुकी 'अनोरा' ऐसी यौन कर्मी की कहानी को बयान करती है जिसका विवाह एक रूसी कुलीन वर्ग के युवक के साथ होता है। इस फिल्म को मात्र 60 लाख अमेरिकी डॉलर की लागत से बनाया गया है। 'अनोरा' ने 'विकेड', 'ड्यून: पार्ट टू', 'द ब्रूटलिस्ट', 'ए कम्प्लीट अननोन', कॉन्क्लेव, 'एमिलिया पेरेज', 'आई एम स्टिल हियर', 'निकेल बॉयज़' और 'द सब्सटेंस' को हराकर पुरस्कार जीता। रविवार को व्यक्तिगत रूप से चार ऑस्कर जीतकर बेकर ने वॉल्ट डिज्नी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिन्होंने 1954 में चार अलग-अलग फिल्मों के लिए ऑस्कर जीता था।

## प्रधानमंत्री ने गिर में सफारी का आनंद लिया

### एशियाई शेरों के आवास के संरक्षण पर आदिवासियों को सराहा



**सासण (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर सोमवार की सुबह गुजरात के जूनागढ़ जिले में गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि सामूहिक प्रयासों के कारण एशियाई शेरों की आबादी में लगातार वृद्धि देखी गई है। उन्होंने एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों और महिलाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, ''आज सुबह विश्व वन्यजीव दिवस पर मैं गिर में सफारी पर गया। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि गिर, जंगल के राजा एशियाई शेरों का घर है। गिर आकर मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में हमारे द्वारा सामूहिक रूप से किए गए काम की कई यादें भी ताजा हो गईं।'' मोदी ने कहा, ''पिछले कई वर्षों में सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया कि एशियाई शेरों की आबादी लगातार बढ़े। एशियाई शेरों के आवास को संरक्षित करने में आदिवासी समुदायों और आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं की भूमिका भी उतनी ही सराहनीय है।''

## उच्च न्यायालय ने पूर्व सेबी प्रमुख बुच, पांच अन्य के खिलाफ कार्रवाई पर मंगलवार तक रोक लगाई

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर चार मार्च तक कोई कार्रवाई न करने का भ्रष्टाचार-निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को निर्देश दिया। बुच, बीएसई के प्रबंध निदेशक सुंदररमन राममूर्ति और चार अन्य अधिकारियों ने अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया था। मुंबई स्थित एक विशेष अदालत ने शनिवार को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघन के संबंध में बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने का एसीबी को आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ बुच और अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति एस जी डिगे की एकल पीठ ने कहा कि इन याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई होगी और तब तक एसीबी की विशेष अदालत के आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। बुच और सेबी के तीन मौजूदा पूर्णकालिक निदेशकों- अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उच्च न्यायालय में पेश हुए। वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुंदररमन राममूर्ति और इसके पूर्व चेयरमैन और जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल की ओर से पेश हुए। याचिकाओं में विशेष अदालत के आदेश को अवैध और मनमाना बताते हुए इसे रद्द करने की अपील की गई।

## ईडी ने दो रियल्टी फर्म के खिलाफ छापेमारी में हजारों करोड़ रु की संपत्ति की पहचान की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में रियल्टी फर्म डब्ल्यूटीसी समूह और भूटानी ग्रुप के खिलाफ छापेमारी के दौरान हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति की पहचान की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया कि 27 फरवरी को दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में डब्ल्यूटीसी समूह और उसके प्रवर्तक आशीष भल्ला तथा भूटानी समूह और उसके प्रवर्तक आशीष भूटानी से जुड़े एक दर्जन ठिकानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए। बयान के मुताबिक, यह मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और फरीदाबाद पुलिस की ओर से डब्ल्यूटीसी समूह और उसके प्रवर्तकों आशीष भल्ला, सुपर्णा भल्ला, अभिजीत भल्ला तथा भूटानी इंफ्रा व अन्य के खिलाफ सैकड़ों घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी के आरोप में दर्ज दर्जनों प्राथमिकी से उपजा है।

## सैनिकों और उनके परिवार के कल्याण में योगदान देना हर नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व : रक्षा मंत्री



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय सैनिक देश की रक्षा के लिए मुश्किल हालात में सीमाओं पर हमेशा दृढ़ता से और सजग खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य है कि सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए योगदान दे। सिंह ने यहां सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एएफएफडी सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीएसआर का मतलब सिर्फ 2 प्रतिशत योगदान नहीं है, यह वीर सैनिकों और उनके आश्रितों से दिल से दिल का जुड़ाव है। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि उन्होंने लोगों से सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए पूरे दिल से योगदान देने का आह्वान किया और इसे प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार भारत की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने तथा अपने सैनिकों के साथ ही उनके परिजनों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आगे बढ़कर हर संभव तरीके से उनका समर्थन करना राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है।



## नशीले कारोबार के हर मोर्चे पर लड़े पंजाब

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है। इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं सुखद है कि हिमाचल सरकार ने छह माह में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने का संकल्प जताया है, जिसमें तस्करों की संपत्ति जब्त करने व संदिग्ध खातों की जांच भी शामिल है।

## ट्रंप ने रूस के युद्ध का अंत दूर होने संबंधी बयान को लेकर जेलेंस्की की आलोचना की

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की उनके इस बयान के लिए आलोचना की कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का अंत अब भी 'बहुत दूर' है। ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म' पर एक पोस्ट में कहा, "यह जेलेंस्की द्वारा दिया गया सबसे खराब बयान है तथा अमेरिका इसे अधिक समय तक बर्दाश्त नहीं करेगा।" रविवार देर रात जेलेंस्की ने कहा था कि उनका मानना है कि युद्ध कुछ समय तक चलेगा। साथ ही उन्होंने रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ व्हाइट हाउस में हुई विवादास्पद बैठक के बाद अमेरिका-यूक्रेन संबंधों के बारे में सकारात्मक राय रखने की कोशिश की। पिछले तीन वर्षों से चल रहे युद्ध में अमेरिकी समर्थन का जिक्र करते हुए जेलेंस्की ने कहा, "मुझे लगता है कि (अमेरिका के साथ) हमारे रिश्ते जारी रहेंगे, क्योंकि यह कभी-कभार बनने वाले रिश्ते से कहीं बढ़कर है।" लेकिन ऐसा लगता है कि ट्रंप जेलेंस्की की इन हालिया टिप्पणियों से और भी चिढ़ गए कि युद्ध समाप्त होने में अभी समय लगेगा। ट्रंप ने कहा, "यही मैं कह रहा था कि यह आदमी नहीं चाहता कि जब तक अमेरिका का समर्थन उसके साथ है, तब तक शांति हो।...."

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 मार्च, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष पंचमी, 15:20 तक , नक्षत्र :भरणी, 26:39 तक , योग : इंद्र, 26:00 तक, सूर्योदय: 5:55, सूर्यास्त: 17:41, चन्द्रोदय : 08:43, चन्द्रास्त: 22:20, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 14:43 से 16:10

## राशिफल

**मेष :** आज कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा समय बितायेंगे। आय में वृद्धि होने से काम में मन लगा रहेगा। एआई और उन्नत तकनीक पर कार्यरत लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है।

**वृष :** आज बजट गड़बड़ा सकता है। आपकी थोड़ी सी सावधानी बड़ी सफलता के मार्ग खोल सकती है। मन में कुछ अज्ञात भय सा रहेगा। अत्यधिक सोच-विचार के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन :**आज के दिन का लाभ उठायेंगे। आपकी निष्ठा और कार्यक्षमता लोगों के लिये प्रेरणा बनेगी। छोटे व्यापारियों के लिये दिन काफी अच्छा है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को अचानक धन लाभ हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आपको जल्दबाजी में भावुक होकर कोई फैसला न लेने की सलाह है।

**सिंह :** आज आत्मविश्वास की कमी रहेगी। बड़ी कम्पनी में जॉब कर रहे लोग अपनी नौकरी से असन्तुष्ट रहेंगे। आज आपको घर पर आराम करना चाहिये।

**कन्या :** आज सादा और सात्विक आहार ही लें। किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा न करें। बॉस के साथ रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। स्थिति में अपना धैर्य बनाये रखें।

**तुला :** आज दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे। पुराने दोस्तों के साथ इन्टरनेट पर मुलाकात हो सकती है। नये और प्रभावी सम्बन्ध बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज सकारात्मकता रहेगी। किन्तु झूठ बोलने के कारण परेशानी झेलनी पड़ेगी। नौकरी में बदलाव करने के अवसर मिल सकते हैं। शत्रुओं के षड्यन्त्र विफल हो जायेंगे।

**धनु :** आज विवादों का निपटारा होगा। अपने निजी जीवन को लेकर दूसरों से सलाह न लें। धार्मिक आयोजन की योजना बना सकते हैं। बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी।

**मकर :** आज काम की अधिकता हो सकती है। टूटे हुये सम्बन्धों को दोबारा जोड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। सम्पत्ति के मामलों में धन निवेश सावधानी पूर्वक ही करें।

**कुम्भ :** आजधन सम्बन्धी परेशानियों का निराकरण हो सकता है। प्रियजनों के सम्बन्ध में कोई शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेंगे।

**मीन :** आज कारोबार के लिये उधार लेना चाहते हैं तो दस्तावेजों का सावधानी से अध्ययन करें। ऑफिस में टीमवर्क के कारण काम समय पर पूर्ण होंगे।

# ज़रूरी है क्या स्कूलों में स्मार्टफोन ?

## एक दुधारी तलवार है मासूम हाथों में स्मार्टफोन



डॉ घनश्याम बादल

अभी-अभी न्यायालय में दायर याचिका पर निर्णय देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कोर्ट ने साफ किया कि विद्यालय परिसर में स्मार्टफोन ले जाने से रोकना विधि सम्मत नहीं है और अभी तक विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा स्मार्टफोन ले जाने के कोई हानिकारक परिणाम भी सामने नहीं आए हैं इसलिए उन्हें विद्यालय प्रांगण में मोबाइल फोन ले जाने से रोकना उचित नहीं है।

**कितना जायज़ है स्कूलों में स्मार्टफोन का प्रयोग:**

अपने इस निर्णय के माध्यम से न्यायालय ने विद्यालय में स्मार्टफोन ले जाने को जायज़ बता कर हलचल पैदा कर दी है। बेशक आज का युग तकनीकी का युग है और इस आधार पर कहा जा सकता है कि बच्चों को भी स्मार्टफोन के उपयोग से रोकने का मतलब उनको तकनीकी के प्रयोग से रोकना है लेकिन साथ ही साथ देश के अलग-अलग कोनों से विद्यालय परिसर या उसके बाहर किशोरवय बच्चों द्वारा स्मार्टफोन के प्रयोग से अनेक विवादास्पद प्रकरण भी सामने आए हैं। अब एक तरफ उच्च न्यायालय का निर्णय है तो दूसरी तरफ आम लोगों की राय। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर स्मार्टफोन के प्रयोग के पक्ष और विपक्ष क्या हैं।

**स्मार्टफोन के सकारात्मक पक्ष:**

**सीखना बनाए सरल:**

स्मार्टफोन के उपयोग से अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया सरल ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन बन सकती है और उसे सहायक उपकरण के रूप में किया जा सकता है। इंटरनेट के माध्यम से वे आसानी से शैक्षिक सामग्री, वीडियो, और ऑनलाइन पाठ्यक्रम तक पहुँच सकते हैं। यह उन्हें गहराई से समझने और सीखने में मदद करता है।

**बनाए तेज और स्मार्ट :** स्मार्टफोन की मदद से विद्यार्थी किसी भी विषय पर तेज और लेटेस्ट जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनका ज्ञान और समझ दोनों बढ़ते हैं और साथ ही साथ स्मार्टनेस भी बढ़ती है तो इस हिसाब से स्मार्टफोन का उपयोग बच्चों को तेज और स्मार्ट बनने में मदद करता है।

समय की बचत: पढ़ने और सीखने के लिए अब वह समय नहीं रहा जब विद्यार्थी पुस्तकालय एवं पुस्तकों के माध्यम से सीखने को बाध्य थे आज विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में घंटों बिताने की बजाय स्मार्टफोन के माध्यम से तेज़ी से और प्रभावी तरीके से अध्ययन सामग्री मिल जाती है, जिससे समय तो बचता ही है बच्चों को एकदम नई जानकारी भी प्राप्त हो जाती है।

**तकनीकी ज्ञान:** आज के ज़माने में बिना टेक्नोक्रेट बने अच्छा कैरियर बनाना संभव नहीं है। स्मार्टफोन का उपयोग विद्यार्थियों को डिजिटल और वर्चुअल दुनिया से परिचित कराता है, जिससे उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ती है। यह भविष्य में उन्हें करियर के अवसरों के लिए तैयार करता है।

**संचार:** आज ऑनलाइन एजुकेशन का ज़माना है। गूगल मीट या दूसरेडिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से स्मार्टफोन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संवाद को आसान बनाता है। विद्यार्थियों को किसी विषय पर शंका हो, तो वे शिक्षक से तुरंत संपर्क कर अपनी समस्याएं हल कर सकते हैं।

यूं तो ऐसे ही कितने ही सकारात्मक पहलू हैं जो स्मार्टफोन को प्रयोग करने की वकालत करते हैं लेकिन इसी का दूसरा पक्ष भी देखना ज़रूरी है।

**नकारात्मक पहलू**

**भटकाव की आशंका और:** स्मार्टफोन में सोशल मीडिया, गेम्स, और अन्य बहुत से आकर्षक ऐप्स होते हैं, जो विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटकाते हैं। इससे उनके अध्ययन में कमी आ सकती है। प्रायः देखने में आता है कि मोबाइल के माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे एकाग्रचित होकर नहीं पढ़ पाते। वज़ह है एक साथ कई कई विंडो खोलकर कई कई चीजों को देखने की लत। यदि स्मार्टफोन का प्रयोग कम उम्र के अपरिपक्व बच्चों को करने की खुली छूट मिल जाए तो फिर उनकी एकाग्रचितत्ता भांग ही होगी।

**स्वास्थ्य पर असर:** देखने में आया है कि स्मार्टफोन बहुत जल्दी ही एक लत का रूप ले लेता है और बच्चे लंबे समय तक उसी में लगे रहते हैं परिणाम स्वरूप लंबे समय तक स्मार्टफोन का उपयोग करने से आँखों की समस्याएँ, सिर दर्द, और मानसिक तनाव का बढ़ना स्वाभाविक है साथ ही साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**नैतिक और सामाजिक समस्याएँ:** स्मार्टफोन का गलत उपयोग, जैसे नकल, पढ़कर एवं समझ कर प्रश्न हल करने के बजाय उपलब्ध सामग्री को कॉपी पेस्ट करके गृह कार्य या प्रोजेक्ट बनाना, चैट जीपीटी या ऐसे ही दूसरे एप्स अथवा साइट्स से अध्ययन की सामग्री बिना सोचे समझे ले लेना विद्यार्थियों को गलत आदतें सिखा सकता है। इसके अलावा, साइबर बुलिंग, पॉर्न साइट्स या अश्लील सामग्री देखना या पढ़ना जैसी समस्याएँ भी हो सकती हैं।

**आर्थिक बोझ:** आज स्मार्टफोन एक स्टेटस सिंबल बन गया है अब चाहे मां-बाप की सामर्थ्य है या नहीं मगर उन्हें बच्चों को महंगा फोन खरीद कर देना ही पड़ता है ऐसे में स्मार्टफोन खरीदने और उसे मेंटेन करने के लिए वित्तीय बोझ बढ़ता है, खासकर जब स्कूल के विद्यार्थियों के पास पर्याप्त संसाधन न हों।

**संवेदनशील सामग्री तक पहुँच:** इंटरनेट पर अनेक नशीली और अपत्तिजनक सामग्री रहती हैं। ऐसे में विद्यालयों में यदि स्मार्टफोन पहुंच जाएगा तो बच्चों को इस प्रकार की सामग्री से बचाना मुश्किल हो सकता है। अब दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर ही माननीय न्यायालय ने स्मार्टफोन के उपयोग को तो रोकने से मना कर दिया है लेकिन साथ ही साथ इन खतरों से बचने के लिए कई अनुबंध एवं शर्तें भी इस निर्णय के साथ जोड़ दी हैं।

**क्या कहता है न्यायालय का निर्णय**

स्मार्ट फोन के प्रयोग पर हाई कोर्ट ने अहम दिशानिर्देश देते हुए कहा है कि छात्रों को स्कूल में स्मार्टफोन ले जाने से नहीं रोका जाना चाहिए, लेकिन उपयोग की निगरानी हो। स्कूल में प्रवेश करते समय फोन जमा करने और घर लौटते समय वापस लेने की व्यवस्था होनी चाहिए। स्मार्टफोन से कक्षा में शिक्षण, अनुशासन या शैक्षिक वातावरण में बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए कक्षा में स्मार्टफोन के उपयोग को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। स्कूल के कॉमन एरिया के साथ-साथ स्कूल वाहनों में भी स्मार्टफोन के कैमरे का इस्तेमाल प्रतिबंधित होना चाहिए। छात्रों को डिजिटल शिष्टाचार और स्मार्टफोन के नैतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए और निगरानी करने की नीति माता-पिता, शिक्षकों और विशेषज्ञों के परामर्श से बनाई जानी चाहिए। स्कूल अपनी परिस्थितियों के अनुकूल नीतियों को लागू करें। उपयोग के नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष नियम लागू किए जाएं। तेजी से बदलती तकनीकी और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए नीति की नियमित समीक्षा औ संशोधन किया जाना चाहिए। सुरक्षा और समन्वय के उद्देश्य से कनेक्टिविटी के लिए स्मार्टफोन उपयोग की अनुमति होनी चाहिए लेकिन मनोरंजन के लिए उपयोग की अनुमति नहीं होनी चाहिए।

इस निर्णय के आलोक में कहा जा सकता है कि विद्यार्थी भले ही स्मार्टफोन स्कूल प्रांगण में ले जाएं लेकिन उसके उपयोग को बहुत सीमित कर दिया जाए। हां, उसके पास फोन होने से घर एवं विद्यालय के बीच की दूरी में उसकी सुरक्षा तय की जा सकती है तथा उसे पर निगाह भी रखी जा सकती है।

## नेपाल जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या घटी

**काठमांडू :** फरवरी 2025 में 96,000 से अधिक पर्यटक नेपाल पहुंचे, लेकिन पिछले साल की तुलना में इस वर्ष हिमालयी देश की यात्रा करने वाले भारतीयों की संख्या में कमी देखी गई। नेपाल पर्यटन बोर्ड के अनुसार, फरवरी महीने में 96,880 पर्यटक हवाई मार्ग से नेपाल पहुंचे। आंकड़ों के अनुसार, इस साल फरवरी में पर्यटकों की संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में थोड़ी कम रही। फरवरी 2024 में नेपाल आने वाले पर्यटकों की संख्या 97,426 थी। अन्य देशों के पर्यटकों की तुलना में नेपाल पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक रही। इस साल फरवरी में 19,187 भारतीय हवाई मार्ग से नेपाल पहुंचे। इस अवधि में अमेरिका से 10,348, चीन से 8,232, ब्रिटेन से 5,057 और बांग्लादेश से 4,874 पर्यटक नेपाल आए। श्रीलंका से 4,370 और ऑस्ट्रेलिया से 3,737 पर्यटक नेपाल पहुंचे। फरवरी 2024 में 25,578 भारतीय पर्यटकों ने नेपाल की यात्रा की थी जबकि इस साल फरवरी में यह संख्या 25 प्रतिशत कम रही।

## बांग्लादेश ने पिछले साल 'हिंसा के दौर' का सामना किया : संरा मानवाधिकार प्रमुख

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा :** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश ने पिछले साल हिंसा के दौर का सामना किया, क्योंकि तत्कालीन सरकार ने मानवाधिकारों को केंद्र में रखते हुए चलाए जा रहे छात्र आंदोलन को क्रूरतापूर्वक कुचल दिया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र में कहा, देश (बांग्लादेश) अब एक नये भविष्य की ओर अग्रसर है। हाल ही में हुए गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों पर हमारी स्वतंत्र तथ्य-अन्वेषण रिपोर्ट इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

# दागी नेताओं के चुनाव लड़ने के मामले पर केंद्र का रवैया निराशाजनक



बलदेव राज भारतीय



देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सच्चा देशभक्त मानता है। वह राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था से जुड़ी नीतियों पर बड़े ज्ञानवर्धक विचार प्रकट करता है और देश में फैले भ्रष्टाचार, अनैतिकता, बेईमानी व रिश्वतखोरी पर कठोर आक्रोश व्यक्त करता है, मानो उससे बड़ा राष्ट्रहितैषी कोई और नहीं। किन्तु, विडंबना यह है कि उसे ये सारी बुराइयाँ केवल दूसरों में ही दिखाई देती हैं, स्वयं में नहीं। वह अपने आपको ईमानदार, सत्यनिष्ठ, निष्कलंक और आदर्शवादी मानता है, जबकि उसके विचार और कर्म प्रायः इसके विपरीत होते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के लोग अपने दोहरे मापदंडों के कारण राजनीति में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम जिस नैतिकता की अपेक्षा दूसरों से रखते हैं, उसी को अपने आचरण में अपनाने से कतराते हैं।

हमारे देश का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है, जिसकी नींव संविधान और विधि के शासन पर टिकी हुई है। यह प्रणाली नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देती है। लेकिन जब अपराधी प्रवृत्ति के लोग राजनीति में प्रवेश करते हैं और कानून बनाने की शक्ति प्राप्त कर लेते हैं, तो यह व्यवस्था के मूल्यों पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा देता है। हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाने की मांग पर विचार होना चाहिए, जबकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है- क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए? या उन्हें संसद और विधानसभाओं में भेजकर कानून बनाने की शक्ति दे देनी चाहिए?

लोकतंत्र का आधार 'जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता की सरकार' की अवधारणा पर टिका होता है। इसमें प्रत्येक नागरिक को मताधिकार और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है। भारतीय संविधान में यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी नागरिक, जब तक वह कानूनी रूप से अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो, चुनाव लड़ सकता है और जनता का प्रतिनिधित्व कर सकता है। हालांकि, यदि जनता के प्रतिनिधि स्वयं गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त हों, तो क्या वे समाज में कानून और न्याय की स्थापना कर सकते हैं? संविधान का उद्देश्य योग्य, ईमानदार और जनसेवा को समर्पित लोगों को शासन में शामिल करना है, न कि वे लोग जो स्वयं कानून तोड़ते हैं।

आज चुनाव लड़ना गरीब व्यक्ति के लिए एक असंभव सपना बन गया है। गांव की सबसे निचली प्रशासनिक इकाई, पंचायत, में सरपंच बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपये खर्च करते हैं, तो विधायक और सांसद बनने के लिए करोड़ों की जरूरत होती है। धन के अभाव में एक आम नागरिक चाहकर भी चुनावी राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकता।

इसके विपरीत, अपराधी प्रवृत्ति के लोग भ्रष्टाचार और अवैध साधनों से अर्जित धन के बल पर न केवल चुनाव लड़ते हैं, बल्कि जेल में रहते हुए भी जीत हासिल कर लेते हैं। विडंबना यह है कि गरीब और शोषित वर्ग, जो स्वयं व्यवस्था परिवर्तन का इच्छुक होता है, भय और दबाव में आकर ऐसे दागी प्रत्याशियों को ही अपना नेता चुन लेता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के मूल्यों को क्षीण कर रही है और चुनावी प्रक्रिया को धनबल एवं बाहुबल का खेल बना रही है।

देश में कई ऐसे राजनेता हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप लगे हुए हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 43% सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित थे, जिनमें से कई संगीन अपराधों से जुड़े थे, जैसे हत्या, बलात्कार, अपहरण और भ्रष्टाचार। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि जनता का विश्वास भी कम करता है। यदि कोई आम नागरिक मामूली अपराध में भी दोषी पाया जाता है, तो उसे सरकारी नौकरी से वंचित कर दिया जाता है। वहीं, जिन पर हत्या, दंगा और घोटालों के आरोप हैं, वे चुनाव लड़ सकते हैं और संसद या विधानसभा का हिस्सा बन सकते हैं। यह असमानता एक गंभीर चिंता का विषय है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राजनीति में आपराधिक तत्वों की भागीदारी को रोकने के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया गया, तो यह विधायिका को कमजोर कर देगा और कानून निर्माण की प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। यह तर्क कुछ गले से नहीं उतरता। क्या अपराधी लोगों को राजनीति में रोकने से राजनीति गंदा होने से नहीं बचेगी? अपराधी प्रवृत्ति के लोग किस प्रकार के कानून का समर्थन करेंगे, यह जगजाहिर है।

सत्य यही है कि केंद्र सरकार का यह तर्क लोकतंत्र की भावना के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। संसद और विधानसभा में बैठने वाले प्रतिनिधियों का नैतिक और कानूनी रूप से स्वच्छ होना आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को गंभीर आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया है, तो उसे जनता की सेवा करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। मिल भी कैसे सकता है, जो स्वयं अपराधी हो वह समाज सेवा कैसे कर सकता है।

आजीवन प्रतिबंध लगाने का विरोध करने वाले यह तर्क देते हैं कि चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकारों का हिस्सा है और किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी सजा पूरी कर चुका है, तो उसे पुनः समाज में योगदान देने का अवसर मिलना चाहिए।

लेकिन, राजनीति कोई साधारण नौकरी नहीं है; यह देश और समाज की सेवा का एक पवित्र कार्य है। यदि सरकारी सेवाओं में नौकरी करने के लिए किसी व्यक्ति का चरित्र प्रमाणपत्र आवश्यक होता है, तो विधायिका में प्रवेश के लिए भी नैतिकता और कानूनी स्वच्छता की कसौटी होनी चाहिए।

चुनाव आयोग को और अधिक शक्तियां दी जानी चाहिए, जिससे वह आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों पर सख्त निर्णय ले सके। ऐसे नेताओं पर चलने वाले मामलों को विशेष न्यायालयों में रखा जाए, ताकि फैसले शीघ्रता से हों और दोषी पाए जाने पर उन्हें तुरंत अयोग्य घोषित किया जा सके। नेताओं के लिए शिक्षा, ईमानदारी और नैतिकता को अनिवार्य किया जाए। जो नेता स्वयं ईमानदार और देश और संविधान के प्रति निष्ठावान नहीं होगा तो वह जनता के लिए कैसे और किस प्रकार आदर्श सिद्ध हो सकता है।

चुनाव आयोग और स्वयंसेवी संस्थाएं मतदाताओं को जागरूक करें कि उन्हें बिना किसी लालच में आए स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को ही चुनना चाहिए। जो भी उम्मीदवार या दल उन्हें किसी प्रकार का लालच या प्रलोभन दें उनकी शिकायत चुनाव आयोग से करें।

लोकतंत्र की सफलता उसके नेताओं की स्वच्छता और जनता के विश्वास पर निर्भर करती है। यदि राजनीति अपराधियों का अड्डा बन जाएगी, तो यह पूरे शासन तंत्र को भ्रष्ट कर देगी। इसलिए, यह आवश्यक है कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे और जनता का विश्वास मजबूत हो।

## वर्ग पहेली नं. 3022

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 25 | | | | ■ | |
| 26 | | | | ■ | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 2) अपराध; भूल, 4) नागालैंड की राजधानी, 7) भेदभावहीन, 9) धर्मशील *(इसलामी)*, 10) अस्वीकृति, 11) प्रहार; आक्रमण, 13) कमीज़ पल्ला, 15) पैंतरेबाज़ी, 17) एक मसालेदार जड़, 19) वक्ष, 20) अखंड; सतत, 21) कपड़ा सीनेवाला; *टेलर*, 23) सीमा; मर्यादा, 25) चौपट; ध्वस्त, 26) पारिजात; स्वर्गतरु, 27) थलसेना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अग्रगण्य; प्रथम स्थानीय, 2) होशियार; सचेत, 3) नक्षत्र; *स्टार*, 4) गणपूर्ति *(सभा)*, 5) प्रतिष्ठा, 6) चिकनी चुपड़ी बात; झूठी प्रशंसा, 8) सहोदरा, 12) विकल्पहीन; विवश; असहाय, 14) उद्देश्य, 16) अंदर नहीं, 18) झिरी; विलगाव, 19) मिसाल; कहावत, 21) चोर ज़मीन; वह जमीन जिस पर चलने से पैर धँस जाता हो, 22) नवनिर्माण; पुनर्रचना; टूटी-फूटी वस्तुओं का फिर से सुधार, 23) उन्माद; पागलपन; विक्षिप्तता, 24) जीवन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | प्र | वा | द | ■ | अ | स्त | व्य | स्त |
| वि | ■ | या | ■ | वा | य | व्य | ■ | ती | र |
| वा | रा | ण | सी | ■ | श | व | ■ | त | ■ |
| हि | ■ | ■ | क | न्या | ■ | स्था | न | ■ | ज |
| त | ल | वा | र | ■ | ली | ■ | र | सा | ल |
| ■ | फं | दा | ■ | मु | क | द | मा | ■ | पा |
| दं | गा | ■ | भी | ड़ | ■ | ■ | ई | मा | न |
| ग | ■ | कुं | ■ | ना | ह | क | ■ | मू | ■ |
| ल | ग | भ | ग | ■ | श्र | ■ | का | ली | न |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2982

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | 4 | | 6 | | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| 4 | | | | | | | 1 | 2 |
| | 6 | | 3 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 4 | | | | | 3 | 8 | |
| | | | | 1 | 2 | | | |
| | | | 5 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2981 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 4 | 3 |

# टेंगरा हत्याकांड : परिवार की दो बहुएं और किशोरी की हत्या का आरोप छोटे भाई पर, बड़े भाई ने पुलिस को दी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के टेंगरा इलाके में दे परिवार की दो बहुएं और एक किशोरी की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। परिवार के बड़े बेटे प्रणय दे ने पुलिस को बताया है कि उसके छोटे भाई प्रसून दे ने ही इस दिल दहला देने वाले हत्याकांड को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, यह हत्याकांड करीब डेढ़ घंटे चला और इसमें दो महिलाओं और एक किशोरी की बेरहमी से हत्या



कर दी गई। प्रणय दे ने पुलिस से कहा कि घटना वाले दिन वह घर के ग्राउंड फ्लोर पर सीढ़ियों के पास बैठा हुआ था। तभी, डेढ़ घंटे बाद उसका छोटा भाई प्रसून खून से सने कपड़ों में आया और बोला, काम खत्म।

प्रणय का दावा है कि उसने अपने भाई को समझाया था कि परिवार के सभी लोगों को 'मुक्ति' देनी चाहिए।

इसके बाद, प्रसून तीसरी मंजिल से पेपर कटर चाकू लेकर आया और परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया।

### सोशल मीडिया से सीखा हत्या का तरीका

पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या से पहले प्रसून ने सोशल मीडिया पर खोजबीन कर यह सीखा कि नसें किस तरह काटी जाती हैं। इसके बाद, उसने एक-एक कर घर की दोनों बहुएं, सुलेश्वा और रोमी, के हाथ की नसें और गला काट दिया। वहीं, अपनी बेटी प्रियंबदा की हत्या उसने गला दबाकर की। हत्या के बाद, गिरफ्तार हुए प्रसून ने पुलिस को बताया कि दोनों बहुओं ने पहले खुद ही अपनी नसें काटने की कोशिश की थी। जब वे मर नहीं पाईं तो उसने उनकी मदद की। वहीं, बेटी प्रियंबदा की हत्या को लेकर उसने कहा कि वह इसमें शामिल नहीं था, बल्कि हो सकता है कि उसे प्रणय ने तकिए से दबाकर मार डाला हो। दूसरी ओर, प्रणय ने साफ कहा कि तीनों हत्याएं उसके छोटे भाई प्रसून ने की हैं। फिलहाल, दोनों भाई अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अस्पताल से छुट्टी मिलते ही दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी। इसके अलावा, दोनों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है ताकि सोशल मीडिया गतिविधियों और हत्या से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा सकें।

## 'भूतिया' मतदाताओं की पहचान का काम कहां तक पहुंचा है? गुरुवार को तृणमूल की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता 'भूतिया' मतदाताओं की पहचान करने में जुटे हुए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता जैसे फिरहाद हकीम और उदयन गुहा मतदाता सूची लेकर मैदान में उतर चुके हैं और बाहरी लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जुड़े होने के आरोपों की जांच कर रहे हैं। इस काम की प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए आगामी 6 मार्च को तृणमूल भवन में एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मतदाता सूची संबंधित समिति के सदस्य सहित राज्य के प्रत्येक जिले के अध्यक्ष और चेयरमैन भी उपस्थित रहेंगे।




बैठक में 'भूतिया' मतदाताओं की पहचान के कार्य की स्थिति पर चर्चा की जाएगी और यह देखा जाएगा कि काम कितनी गति से आगे बढ़ा है। इस बैठक पर सभी की निगाहें रहेंगी, क्योंकि आगामी चुनावों से पहले यह मुद्दा तृणमूल के लिए महत्वपूर्ण बन चुका है।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम:** 'मेट्रो रेलवे, कोलकाता के जोका-माझेरहाट खंड के बीच चालू यातायात के दौरान गर्डर सपोर्ट सिस्टम का पुनर्वास और सुदृढ़ीकरण, साथ ही बियरिंग की सीटिंग सतह का सुधार।' **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 9,41,88,982.48; **बयाना राशि:** ₹. 6,21,000.00; **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 (बारह) महीने; **अंतिम तिथि एवं समय:** 25.03.2025 को 12:00 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। **संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। संक्षिप्त ई-निविदा सूचना संख्या: सिविल-2491-2024 (खुली)।**

हमें अनुसरण करें /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## भाजपा को रोकने के लिए ममता माकपा को आगे कर रही है : सुकांत मजूमदार

❑ **वामपंथी छात्र संगठन के बंद का भाजपा अध्यक्ष ने किया विरोध**

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय में झड़प और अशांति एक दिखावा है। मजूमदार ने दावा करते हुए कहा कि ममता बनर्जी भाजपा को रोकने के लिए माकपा को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि अब पश्चिम बंगाल में विभिन्न स्थानों पर झड़प और अशांति होगी। पश्चिम बंगाल में सरस्वती पूजा रोक दिए जाने के बाद बांग्लादेश के हालात देखकर राज्य के हिंदुओं को एहसास हो गया है कि आने वाले दिनों में बांग्लादेश पार्ट 2 उनका इंतजार कर रहा है। मुख्यमंत्री यह समझ गयी हैं। इसलिए, हिंदू वोट विभाजित करने की जुगत में लगी हैं, क्योंकि अगर भाजपा को सभी हिंदू वोट मिल जाएं तो भाजपा सरकार में आ जाएगी। इसीलिए माकपा को शह दिया जा रहा है। सुकांत मजूमदार ने कहा कि विभिन्न जिलों में अराजक स्थिति कायम करने की कोशिश है। एसएफआई के साथ झड़पें होंगी, उनके नेताओं और पार्टी कार्यालयों पर हमले होंगे। उन्होंने कहा कि अब माकपा का अस्तित्व समाप्त हो गया है। अब हमले करके इसे प्रासंगिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बंगाल की जनता समझ चुकी है कि माकपा को वोट देने का मतलब तृणमूल कांग्रेस की मदद करना है।

## वाम सरकार के दौरान अनुबंधित कर्मचारियों को पेंशन लाभ नहीं, उच्च न्यायालय का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** वाम सरकार के दौरान राज्य के सभी नगर निगमों में अनुबंधित कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। इन कर्मचारियों के पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद के अन्य वित्तीय लाभों के संबंध में कोलकाता उच्च न्यायालय में एक मुकदमा दायर किया गया था। इस मुकदमे में न्यायमूर्ति कौशिक चंद ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है कि राज्य की अनुमति के बिना नगर निगम के अनुबंधित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद कोई वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि राज्य की अनुमति के बिना केवल नगर निगम बोर्ड की अनुमति से जिन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी, वे ऐसे वित्तीय लाभ प्राप्त करने के योग्य नहीं हैं। न्यायमूर्ति चंद ने यह भी कहा कि नगर निगम ने अनुबंध पर कर्मचारियों की नियुक्ति की थी, लेकिन बाद में राज्य की अनुमति से उन पदों को नियमित नहीं किया गया। इसलिए नगर निगम कानून के तहत अन्य लाभ प्राप्त नहीं किए जा सकते। 2011 से पहले राज्य में वाम सरकार थी और लगभग सभी नगर निगम वामपंथियों के नियंत्रण में थे। उस समय कई नगर निगमों में अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, उस समय राज्य के विभिन्न नगर निगमों में लाखों अनुबंधित कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। हालांकि, नगर निगम कानून के अनुसार अनुबंधित कर्मचारियों के लिए राज्य की अनुमति अनिवार्य है और इस मामले में वह अनुमति प्राप्त नहीं हुई थी। इस मामले में रायगंज नगर निगम के एक प्राथमिक विद्यालय के अनुबंधित कर्मचारी ने अदालत का रुख किया था। उसकी मृत्यु के बाद, उसकी पत्नी ने सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशन और अन्य वित्तीय लाभों की मांग करते हुए अदालत में याचिका दायर की थी। हालांकि, अदालत ने इस मामले को खारिज कर दिया। 2011 के बाद अनुबंध के आधार पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों को विभिन्न सुरक्षा उपाय दिए गए हैं, और तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में नियुक्त किए गए लाखों अनुबंधित कर्मचारियों को राज्य की अनुमति दी गई है। इस मामले में नगर निगम के वकील शीरशन्य बंदोपाध्याय और अर्क नाग ने इस बात को स्पष्ट किया।

## विनीत गोयल के खिलाफ दायर मामला स्वीकार्य नहीं, राज्य ने हाईकोर्ट में दाखिल किया हलफनामा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के पूर्व आयुक्त विनीत गोयल के खिलाफ दायर किया गया मामला कोलकाता हाईकोर्ट ने अस्वीकार कर दिया है। राज्य ने अदालत में हलफनामा दाखिल कर कहा कि इस प्रकार का मामला दायर करने का अधिकार मामले के पक्षकार को नहीं है। हलफनामा पहले ही संबंधित पक्ष को सौंपा जा चुका है। राज्य ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगणनम की डिवीजन बेंच के निर्देश पर हलफनामा दाखिल किया था, जिससे पहले राज्य को इस मामले से राहत देने से पहले हलफनामा पेश करने का आदेश दिया गया था। यह मामला आरजी कर कांड से संबंधित है, जिसमें विनीत गोयल के खिलाफ दायर किए गए मामले को अब न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की अदालत में स्थानांतरित किया गया है। आरजी कर कांड के बाद, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए विनीत गोयल ने अभयारण्य का नाम सार्वजनिक रूप से उजागर किया था, जिसके कारण उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ। गौरतलब है कि इस कांड के बाद विनीत गोयल ने कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया था।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई–निविदा सूचना सं०** 20/2024–25 (खुली) / उमुई I/एमसीएफ/आरबीएल

उप मुख्य इंजीनियर– I/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है । **क्रम सं 1 कार्य का नाम** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज रायबरेली के जोन–1, जोन–2 कारखाना परिसर, प्रशासनिक भवन सहित टीटीसी में प्रतिदिन लगातार 03 वर्षों के लिए मजदूरों की आपूर्ति। **निविदा सं०** 18/2024–25 **अनुमानित लागत रू०** 4,69,85,654.00 **निविदा खुलने की तिथि** 19.03.2025 **कार्य समापन की अवधि** 36 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर–I

**ई–निविदा सूचना सं०** 21/2024–25 (खुली) / उमुई II/ एमसीएफ/ आरबीएल

उप मुख्य इंजीनियर–II/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है. । **क्रम सं 1 कार्य का नाम** घरेलू और स्वीपिंग कचरे का संग्रह एवं निष्पादन, ऑडिटोरियम, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, एमसीएफ अस्पताल की हाउसकीपिंग। कुशल और अर्धकुशल श्रमिक एमसीएफ के विभिन्न विभाग मे हायरिंग तथा एमसीएफ टाऊनशीप में समरूप कार्य और अधिकारियों के बंगलों के लॉन का रखरखाव, 02 वर्ष के लिए। **निविदा सं०** 19/2024–25 **अनुमानित लागत रू०** 12,03,43,818.90 **निविदा खुलने की तिथि** 24.03.2025 **कार्य समापन की अवधि** 24 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य इंजीनियर–II

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 83/ईटी/2024–25 दिनांकः 25.02.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11251026 | सेट आफ साइड वाल असेम्बली (विदाउट पराइमर) फॉर एलडब्लूएससीजेड (ईओजी) कोच | 150 सेट | 21/03/2025 |
| 02 | 11241371 | सेट आफ साइड वाल कम्पलीट फॅार एलएचबी टाइप पावर कार (एलडब्लूएलआरआरएम) कोच | 120 नग | 25/03/2025 |
| 03 | 03241653ए | सेट आफ पाइप सेलिंग किट फॉर लेवोटरी आफ एलएचबी एसी कोचेज | 160 सेट | 15/04/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 81/ईटी/2024–25 दिनांक 17.02.2025 | टैन्डर न. 11241347 | निविदा खुलने की तिथि 25/02/2025 स्थान पर तिथि 10/03/2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गंगा जल बंटवारे पर चर्चा के लिए भारत पहुंचे बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल, कोलकाता में होगी अहम बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश का एक विशेषज्ञ दल भारत के साथ नदी जल बंटवारे पर चर्चा करने के लिए कोलकाता पहुंचा है। इस 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त नदी आयोग (जेआ-रसी) के अधिकारी मुहम्मद अबुल होसेन कर रहे हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य वर्तमान जल बंटवारे की व्यवस्था की समीक्षा करना और भविष्य में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करना है। अपनी यात्रा के दौरान, यह दल सबसे पहले कल फरक्का बैराज जाएगा, जहां वे गंगा नदी के जल प्रवाह का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद, वे 6 और 7 मार्च को कोलकाता के हयात रीजेंसी होटल



में दो दिवसीय बैठक में भाग लेंगे। ये बैठकें भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग के तहत आयोजित की जा रही हैं। पहली बैठक में 1996 में हुए गंगा जल संधि के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी, जो भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा के जल के न्यायसंगत बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। दूसरी बैठक में दोनों देशों द्वारा साझा की जाने वाली 54 नदियों के प्रबंधन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं पर चर्चा होगी। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गंगा जल संधि 2026 में समाप्त हो रही है। भारत और बांग्लादेश को यह तय करना होगा कि वे इस समझौते को नवीनीकृत करेंगे या इसमें कोई बदलाव करेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। हालांकि, वे तीस्ता नदी जल बंटवारे के समझौते का विरोध करती रही हैं, जिसे 2011 में अंतिम रूप दिया गया था लेकिन अभी तक लागू नहीं किया गया है।

## केंद्र ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए ममता सरकार को 699 करोड़ रुपये का जारी किया अनुदान

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र ने पश्चिम बंगाल में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग का अनुदान जारी किया है जिसमें 694.4 करोड़ रुपये की बिना कोई विशिष्ट शर्त वाले अनुदान की दूसरी किस्त और 4.9 करोड़ रुपये के अनुदान की पहली किस्त का रोका हुआ हिस्सा शामिल है। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार, ये अनुदान 21 पात्र जिला पंचायतों, 326 पात्र खंड पंचायतों और 3,220 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए है। मंत्रालय ने कहा कि संविधान की 11वीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के अंतर्गत, वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) द्वारा स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए



बिना कोई विशिष्ट शर्त वाले अनुदान का उपयोग किया जाएगा। बिना कोई विशिष्ट शर्त वाले अनुदान का उपयोग (ए) स्वच्छता और ओडीएफ स्थिति के रखरखाव तथा बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है जिसमें घरेलू कचरे का प्रबंधन और उपचार तथा विशेष रूप से मानव मल और मल-मूत्र कचरा प्रबंधन तथा (बी) पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण शामिल होना चाहिए।

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल में वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/एमईडीएसटीएन/24, दिनांक: 27.02.2025।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकार का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण के लिए कृपया ई-नीलामी कैटेलॉग के जरिये वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **कैटेलॉग संख्या: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-10। नीलामी शुरू होने की तारीख और समय:** 17.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **1** ; एए/1; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-एमईडीएसटीएन-8-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के सेवड़ाफुली जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **2** ; एए/2; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीएचआर-एमईडीएसटीएन-9-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के भद्रेश्वर स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **3**; एए/3; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-एमईडीएसटीएन-10-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के चंदननगर स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **4**; एए/4; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-सीएनएस-एमईडीएसटीएन-11-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के चुंचुड़ा स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **5** ; एए/5; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-एमईडीएसटीएन-12-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के बैंडेल जंक्शन स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **6**; एए/6; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-टीएके-एमईडीएसटीएन-13-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के तारकेश्वर स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **7**; एए/7; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-डीकेई-एमईडीएसटीएन-14-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के डानकुनी स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **8** ; एए/8; **एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-आरपीएच-एमईडीएसटीएन-15-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) एवं हावड़ा मंडल के रामपुरहाट स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव।

(HWH-643/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## संविदा आधारित वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर, बढ़ा वेतन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने संविदा आधारित वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। अब इन चालकों का वेतन बढ़ाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नए नियमों के तहत, अब से संविदा के आधार पर नियुक्त किए जाने वाले चालकों को शुरुआती वेतन के रूप में 16,000 रुपये प्रति माह मिलेगा। इससे पहले यह वेतन 13,500 रुपये था, जिसे अब एक साथ 2,500 रुपये बढ़ाकर 16,000 रुपये कर दिया गया है।

सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन चालकों को पांच साल की सेवा पूरी करने के बाद 20,000 रुपये वेतन मिलेगा। इसी तरह, 10 वर्षों के बाद वे 25,000 रुपये, 15 साल के बाद 31,000 रुपये और 20 साल की सेवा पूरी होने पर उनका वेतन 38,000 रुपये तक पहुंच जाएगा। यह वेतन वृद्धि योजना 60 वर्ष की आयु तक लागू रहेगी, लेकिन यदि कोई चालक बीच में संविदा छोड़ता है, तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

यह नया वेतनमान 1 जनवरी 2025 से लागू होगा। सोमवार को राज्य के वित्त विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर इस वृद्धि की आधिकारिक घोषणा की। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर निगम और विभिन्न सरकारी बोर्डों के तहत कार्यरत वाहन चालकों के वेतन बढ़ोतरी का प्रस्ताव पहले से ही विचाराधीन था।

इसके अलावा, जो वाहन चालक किसी एजेंसी के माध्यम से सरकारी विभागों में नियुक्त होंगे, वे भी अब प्रति माह 16,000 रुपये का वेतन प्राप्त करेंगे। सरकार के इस फैसले से संविदा आधारित चालकों को आर्थिक रूप से राहत मिलेगी और उनके भविष्य को लेकर अधिक स्थिरता सुनिश्चित होगी।

## तृणमूल के बाद भाजपा ने भी शुरू किया वोटर जांच अभियान

**भाजपा दक्षिण कोलकाता के कई विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में कर रही स्क्रूटिनी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में अब सियासी पारा चढ़ने लगा है। जहां एक ओर तृणमूल कांग्रेस ने मतदाता सूची से फर्जी वोटरों को हटाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है, वहीं दूसरी ओर भाजपा ने इस अभियान पर नजर रखते हुए अपने स्तर से निगरानी शुरू कर दी है। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल इस अभियान के बहाने विपक्षी वोटरों के नाम सूची से हटाने की साजिश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले गुरुवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने का आरोप भाजपा पर लगाया था। इसके तुरंत बाद ममता ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी नेताओं को



बूथ स्तर पर जाकर मतदाता सूची की जांच का निर्देश दिया। इसके तहत शनिवार को भवानीपुर में मंत्री और कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम ने घर-घर जाकर वोटर सूची की जांच शुरू की। भवानीपुर में तृणमूल की इस पहल के तुरंत बाद दक्षिण कोलकाता जिला भाजपा ने भी निगरानी अभियान शुरू कर दिया। भाजपा का कहना है कि तृणमूल के इस अभियान की आड़ में विपक्षी दलों के समर्थकों के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा है कि अगर किसी मतदाता का नाम सूची से हटाया जाता है या किसी को परेशानी होती है तो तुरंत पार्टी को इसकी सूचना दें। इसके लिए भाजपा ने संपर्क नंबर भी जारी किया है। दक्षिण कोलकाता जिला भाजपा के महासचिव इंद्रजीत खटिक ने बताया कि हमने भवानीपुर से ही इस निगरानी अभियान की शुरुआत की है। सिर्फ भवानीपुर ही नहीं, बल्कि दक्षिण कोलकाता लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रासबिहारी, कसबा, बालीगंज, बेहला पूर्व और बेहाला पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों में भी यह अभियान शुरू किया गया है। फिलहाल, भवानीपुर पर हमारी विशेष नजर है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू_एलएलएच_21_2024-25, दिनांक: 24.02.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/विद्युत, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** लिलुआ-रेलवे कॉलोनी, लिलुआ में आवश्यक सम्बंधित कार्य सहित स्टाफ क्वार्टरों, कार्यालयों तथा सेवा भवनों में ऊर्जा बचतकारी बीएलडीसी पंखों का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 79,62,418 । **बयाना राशि:** ₹ 1,59,300। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है :** www.ireps.gov.in।

(MISC-358/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## निर्वाचन आयोग 24 घंटे के भीतर गलती स्वीकार करे : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग के जवाब को लेकर सोमवार को असंतोष व्यक्त किया और कहा कि चुनाव निकाय को 24 घंटे के भीतर इस गलती को स्वीकार करना चाहिए। इस दिन, दिल्ली में राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओब्रायन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर आयोग ऐसा करने में विफल रहता है, तो पार्टी मंगलवार की सुबह इस मुद्दे पर और दस्तावेज लेकर आएगी। डेरेक ने राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता सागरिका घोष और लोकसभा सदस्य कीर्ति आजाद के साथ एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक वाले पहचान पत्रों की सूची दिखाई। उन्होंने कहा




कि हम चाहते हैं कि केवल राज्य के निवासी ही उस राज्य में मतदान करें। बंगाल में केवल बंगाल के मतदाता ही वोट डालें, (वैध) मतदाताओं को मतदान की अनुमति नहीं मिलेगी, क्योंकि उनके वोट समान ईपीआईसी क्रमांक वाले लोग डालेंगे। डेरेक ने कहा कि वोट देने के लिए इन लोगों को दूसरे राज्यों से लाया जाएगा। यह अस्वीकार्य है। डेरेक ने मामले को एपिक घोटाला (महा घोटाला) करार देते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने यह बयान तब जारी किया, जब तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा की कि वह इस मुद्दे पर संवाददाता सम्मेलन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की सीमित प्रशंसा। मैं सीमित इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि आयोग त्रुटि मान रहा है, लेकिन इसे स्वीकार नहीं कर रहा है। डेरेक ने कहा कि हम निर्वाचन आयोग से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि वह अगले 24 घंटों में इसे स्वीकार कर ले। अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम आज सुबह 9 बजे एक और दस्तावेज साझा करेंगे। तृणमूल नेताओं ने मामले की गहन जांच की भी मांग की। वहीं, सागरिका घोष ने कहा कि तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की ओर से किए गए खुलासों से यह सिद्ध हो गया है कि अब तक लगाए गए आरोप महज आरोप नहीं हैं। उन्होंने एक मतदाता सूची दिखाते हुए कहा कि मूल मतदाता पहचान पत्र बंगाल का है और दूसरे राज्य में एक अन्य मतदाता भी उसी ईपीआईसी क्रमांक का इस्तेमाल कर रहा है। दो लोगों का ईपीआईसी क्रमांक एक समान कैसे हो सकता है? घोष ने दावा किया कि यह एक घोटाला, एक कांड और एक आपराधिक कृत्य है। इसकी समयबद्ध जांच होनी चाहिए और घोटाले की असल साजिश रचने वाले को दंडित किया जाना चाहिए। हम (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी से आग्रह करते हैं कि वह लोकतंत्र पर इस तरह के हमले के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग बंद करें। हम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भारत में लोकतंत्र को खत्म करने की अनुमति नहीं देंगे। वहीं, कीर्ति आजाद ने मामले की गहन जांच की मांग करते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र की स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि निर्वाचन आयोग के कौन-से अधिकारी इसमें शामिल हैं। हमारी नेता ममता बनर्जी ने चेतावनी दी है कि वह दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय में अनशन पर बैठ सकती हैं। तृणमूल नेताओं ने पश्चिम बंगाल और हरियाणा के 129 मतदाता पहचान पत्रों के विवरण वाली सूची साझा की, जिसमें समान ईपीआईसी क्रमांक थे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली ई-निविदा" भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 05-2025-कालोनी, कार्य का नाम-** "गोरखपुर-रेलवे कार्यालयों में स्थापित स्पिलिट ए0सी0 (581 अदद) के ए0एम0सी0 01 वर्ष के लिये (2025-26) एवं अगले 01 वर्ष के लिये (2026-27) स्पिलिट ए0सी0 581 अदद के ए0एम0सी0 का प्रावधान (कुल 02 वर्ष के लिए)। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 30,19,793.00, **बयाने की राशि (₹ में):** ₹ 60,400.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** ₹ शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से-** 24 माह। **नोटः** • ऑनलाइन-ई निविदा जमा करने की तिथि **21.03.2025** समय **17.00 बजे** तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/ गोरखपुर**

**मुजाधि/विद्युत-254**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-निविदा/2025/06** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं संबंधित मदों के सामने उल्लिखित तिथि को **दोपहर 15:00 बजे** तक स्वीकार की जाएंगी तथा **15:30 बजे खोली** जाएंगी: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना राशि।** (1); **ई-केजीपी-ईस्ट-16-2025:** डीईएन/ईस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में हावड़ा-खड़गपुर-सन्द्रूर (पी)-69.408 टीकेएम कार्यों का निष्पादन; **₹ 12,20,78,409.22;** ₹ 7,60,400.00; (2); **ई-केजीपी-ईस्ट-17-2025:** डीईएन/ईस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में हावड़ा-खड़गपुर- तरावरी (पी)-46.048 टीकेएम कार्यों का निष्पादन; **₹ 1,82,97,452.80;** ₹ 2,41,500.00; (3); **ई-केजीपी-साउथ-11-2025:** सीनियर डीईएन (साउथ)/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर मंडल में पटरियों के नवीनीकरण और रखरखाव कार्य के संबंध में 60 किलोग्राम/90 यूटीएस रेलों (613 जोड़ों) और 60 किलोग्राम/60 ईएल-आर260 ग्रेड रेलों (2896 जोड़ों) के एल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग हिस्सों का निर्माण और आपूर्ति तथा आईआर विनिर्देशों के अनुसार सिंगल शॉट क्रूसिबल के माध्यम से वेल्डिंग का कार्य (कुल 3509 जोड़); **₹ 79,33,185.80;** ₹ 1,58,700.00; (4); **ई-केजीपी-एचक्यू-06-2025:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र में पांसकुड़ा-हल्दिया खंड में 8.25 ट्रैक किलोमीटर की प्राथमिक रेल नवीनीकरण (टीआरआर-पी) का निष्पादन; **₹ 1,11,24,496.48;** ₹ 2,05,600.00; (5); **ई-केजीपी-वेस्ट-03-2025:** एडीईएन/झारग्राम के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-टाटा खंड में पीडब्ल्यूआई/जीआई एवं पीडब्ल्यूआई /जीयूडी के लिए पटरियों की मजबूती और रखरखाव सहित अन्य विविध कार्यों का निष्पादन; **₹ 3,58,04,480.73;** ₹ 3,29,000.00;(6); **ई-केजीपी-वेस्ट-04-2025:** एडीईएन/झारग्राम के अधिकार क्षेत्र में खड़गपुर-टाटा खंड में पीडब्ल्यूआई /जेजीएम के लिए पटरियों की मजबूती और रखरखाव सहित अन्य विविध कार्यों का निष्पादन; **₹ 3,06,86,337.47;** ₹ 3,03,400.00; (7); **ई-केजीपी-वेस्ट-05-2025:** डीईएन/वेस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में एलसी गेट केए-3, केए-9 और केवाई-11 पर 03 गेट गुमटी (आकारः 4.2m x 3.1m, 3.2m x 3.1m, 2.5m x 3.1m), केवाई-11 पर 01 गेट लॉज (आकारः 4.2m x 3.1m) और केए-3, केए-9 और केवाई-11 पर 03 विद्युत कक्ष (आकारः 2.5m x 3.1m) के निर्माण का कार्य, एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग के संदर्भ में; **₹ 61,28,916.00;** ₹ 1,22,600.00; (8); **ई-केजीपी-ईस्ट-18-2025:** डीईएन/ईस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में संतरागाछी, टिकियापाड़ा और पद्मपुकुर स्थित विभिन्न कोचिंग रखरखाव शेडों में इस्पात संरचनाओं की पेंटिंग का कार्य (दूसरी कॉल); **₹ 99,17,580.00;** ₹ 1,98,400.00; (9) **ई-केजीपी-ईस्ट-19-2025:** डीईएन/ईस्ट/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में मेचेदाः अप मुख्य लाइन, मध्य लाइन, अप लूप (एल नंबर-6) और कॉमन लूप (एल नंबर -9) का सीएलएल बढ़ाने का कार्य; **₹ 3,27,68,955.69;** ₹ 3,13,900.00; (10) **ई-केजीपी-एचक्यू-07-2025:** एडीईएन/टीएमजेड के अधिकार क्षेत्र में तामलुक-दिघा खंड, पूर्व मेदिनीपुर जिला में खड़गपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे भूमि का म्यूटेशन, स्वामित्व विवरण का अद्यतन, म्यूटेटेड भूमि का सर्वेक्षण और रेलवे भूमि सीमा मानचित्र की आपूर्ति का कार्य (प्रथम चरण); **₹ 46,75,000.00;** ₹ 93,500.00; (11); **ई-केजीपी-साउथ-12-2025:** एडीईएन/बीएलएस के अधिकार क्षेत्र में रुपसा-रानिताल खंड में 28.789 ट्रैक किलोमीटर का पूर्ण फिटिंग नवीनीकरण (टीएफआर) कार्य; **₹ 61,33,392.15;** ₹ 1,22,700.00; **निविदा दस्तावेज लागतः** ₹ 0.00 (क्रम संख्या 1 से 11 तक)। **निविदा खुलने की तिथिः** 10/03/2025 (क्रमांक 1 के लिए), 13/03/2025 (क्रमांक 2 और 3 के लिए), 19/03/2025 (क्रमांक 4 से 7 के लिए), 20/03/2025 (क्रमांक 8 से 11 के लिए); **कार्य की पूर्णता की अवधिः** 12 महीने (क्रमांक 2, 3, 9 और 11 के लिए); 18 महीने (क्रमांक 1, 7 और 10 के लिए); 8 महीने (क्रमांक 4 के लिए); 15 महीने (क्रमांक 5 और 6 के लिए); 6 महीने (क्रमांक 8 के लिए); **बोली प्रारंभ तिथिः** क्रम संख्या 1 के लिए 24/02/2025 से 10/03/2025 को 15:00 बजे तक; क्रम संख्या 2 से 3 के लिए 27/02/2025 से 13/03/2025 को 15:00 बजे तक; क्रम संख्या 4 से 7 के लिए 05/03/2025 से 19/03/2025 को 15:00 बजे तक; क्रम संख्या 8 से 11 के लिए 06/03/2025 से 20/03/2025 को 15:00 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विनिर्देशों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोटः** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।

**(PR1197)**

# बांकुड़ा में परीक्षा से पहले उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी ने की आत्महत्या



**बांकुड़ा :** परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही एक उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी ने आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार की सुबह जयपुर थाने के कारकबेड़िया गांव की है। मृतका का नाम वर्षा दे है। वह कारकबेड़िया गांव की निवासी थी। मिली जानकारी के अनुसार, वर्षा दे इस साल उच्च माध्यमिक परीक्षा की उम्मीदवार थी। स्थानीय तानादिघी हाई स्कूल की यह छात्रा राजग्राम हाई स्कूल में परीक्षा देने आई थी। वह मेधावी छात्रा थी, लेकिन पिछले कुछ समय से वह अवसाद में डूबी थी। उसने अपने परिवार को भी इसके बारे में बताया था। रविवार को जब उसकी तबीयत खराब हुई, तो उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस दिन, सुबह में उसने उठकर हमेशा की तरह पढ़ाई की। उसकी मां अपनी बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए खाना बनाने में व्यस्त थी। जब परीक्षा का समय आया, तो वह अपनी बेटी को बुलाने गई और देखा कि वह गले में फंदा डालकर छत से लटकी हुई है। खबर सुनते ही पड़ोसी और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। उसे कोतुलपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से इलाके में शोक का माहौल है।

## उच्च माध्यमिक परीक्षा से एक दिन पहले पुरुलिया में दो परीक्षार्थियों के शव बरामद

**पुरुलिया :** उच्च माध्यमिक परीक्षा से एक दिन पहले दो परीक्षार्थियों के शव उनके घरों से बरामद किये गये। यह दोनों शव रविवार को पुरुलिया मुफस्सिल थाना अंतर्गत मलथोर गांव और बलरामपुर थाना अंतर्गत बगांडी गांव में बरामद की गई। इनमें से एक छात्र है और दूसरी छात्रा है। पुलिस और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मलथोर क्षेत्र के एक उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी का शव उसके घर में मिला। बताया जा रहा है कि छात्र रविवार की सुबह सीढ़ियों पर लटका हुआ पाया गया। परिवार के सदस्यों ने सबसे पहले इस घटना को देखा। उन्होंने तुरंत उसे बचाया और पुरुलिया के देवेन्द्र महतो सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। पुरुलिया मुफस्सल पुलिस स्टेशन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उधर, बलरामपुर थाना अंतर्गत बघंडी गांव में एक और किशोरी का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया है। लड़की के माता-पिता घर पर नहीं थे। बाद में, जब वे घर गए तो उन्होंने अपनी बेटी को फांसी पर लटका हुआ पाया। उन्हें तुरंत बचाकर बांसगढ़ ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बलरामपुर थाना पुलिस ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्या दोनों ने परीक्षा के डर से आत्महत्या की? या फिर इन दोनों घटनाओं के पीछे कोई और रहस्य है? दोनों ही प्रतिभाशाली माने जाते हैं। तो फिर उन्होंने ऐसा अतिवादी निर्णय क्यों लिया? ये प्रश्न उठ रहे हैं। इस घटना से दोनों इलाकों में हड़कंप मच गया है।

# सरकारी नौकरी के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ की ठगी, रायगंज में प्रोफेसर गिरफ्तार

**रायगंज :** सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। कई युवक-युवतियों ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी का नाम जोसेफ सोरेन है और यह मामला उत्तर दिनाजपुर के रायगंज का है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार सुबह आरोपी को इटाहार थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जोसेफ सोरेन रायगंज जिला अदालत में एक मामले में पेशी के लिए आए थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, वह हुगली के खानाकुल स्थित राजा राममोहन कॉलेज में प्रोफेसर हैं। उनका घर दक्षिण दिनाजपुर के दानग्राम में है। इससे पहले वह उत्तर दिनाजपुर के कोचरा हाई स्कूल में शिक्षक के रूप



में कार्यरत थे।

आरोप है कि उसी दौरान से वह नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूल रहे थे। इटाहार और रायगंज के कई युवक-युवतियों से उन्होंने यह कहकर पैसे लिए कि उनके अच्छे संबंध मंत्री, नेताओं और उच्च अधिकारियों से हैं और वह प्राथमिक, हाई स्कूल समेत विभिन्न सरकारी संस्थानों में नौकरी दिलवा सकते हैं। इस तरह हर व्यक्ति से 26-27 लाख रुपये तक वसूले गए, जिससे कुल मिलाकर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी हुई।

लेकिन पैसे देने के बावजूद किसी को भी नौकरी नहीं मिली। ठगी का एहसास होने पर 13 लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कुछ महीने पहले, उन्होंने कुछ लोगों को पैसे लौटाने के नाम पर बैंक चेक दिए, लेकिन वे चेक बाउंस हो गए। इसके बाद चार और लोगों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

इसी चेक बाउंस मामले में सुनवाई के लिए जोसेफ सोरेन सोमवार को रायगंज अदालत पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने पैसे लेने की बात कबूल कर ली है। पुलिस ने उन्हें आगे की पूछताछ के लिए थाने ले जाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या उन्होंने इसी तरह अन्य जगहों पर भी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है।

## टीवीएस मोटर कंपनी ने कोलकाता में टीवीएस किंग ईवी मैक्स के लिए आयोजित किया मेगा डिलीवरी इवेंट

**कोलकाता :** दोपहिया और तिपहिया वाहन क्षेत्रों में एक प्रमुख वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने कोलकाता में एक मेगा डिलीवरी इवेंट आयोजित किया। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल में कंपनी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। इस आयोजन के दौरान, टीवीएस मोटर कंपनी के कमर्शियल मोबिलिटी बिजनेस हेड, रजत गुप्ता ने ग्राहकों को 51 यूनिट्स टीवीएस किंग ईवी मैक्स की एक साथ डिलीवरी की। यह इवेंट इस क्षेत्र में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग का संकेत देता है। टीवीएस किंग ईवी मैक्स को लॉन्च के बाद से ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जो शहर के पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्पों की ओर बढ़ते रुझान को भी दर्शाता है।

# ट्रांसफार्मर में विस्फोट, झुलसकर मजदूर की मौत

**दुर्गापुर :** ट्रांसफार्मर में हुए भीषण विस्फोट में एक ठेका मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर झुलसकर घायल हो गए। यह हादसा दुर्गापुर के कोकओवन थाना क्षेत्र स्थित एक निजी कार्बन निर्माण (झउइङ) फैक्ट्री के पावर प्लांट में हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही कोकओवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक मजदूर का नाम साधन बाउड़ी (50) था, जो कालीपुर, दुर्गापुर का निवासी था। घायल हुए दो अन्य मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिवार के अनुसार, सोमवार की सुबह रोज की तरह साधन बाउड़ी इस निजी कार्बन फैक्ट्री के पावर प्लांट में काम पर गए थे। दोपहर के समय अचानक फैक्ट्री के एक ट्रांसफार्मर में विस्फोट हो गया, जिससे साधन गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उनके दो सहकर्मी भी इस हादसे में घायल हुए। इस घटना के बाद फैक्ट्री के मजदूरों में भारी आक्रोश और तनाव फैल गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुर्गापुर महकुमा अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार ने फैक्ट्री प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है। परिवार का कहना है कि साधन ही घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, उनकी मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। परिजनों ने मांग की है कि कम से कम उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए, ताकि घर का भरण-पोषण हो सके।

# वन विभाग के क्वार्टर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद, मौत को लेकर संशय

**अलीपुरद्वार :** मदारीहाट में वन विभाग के क्वार्टर के अंदर सोमवार की सुबह एक महावत के परिवार के तीन सदस्यों की अस्वाभाविक मौत से हड़कंप मच गया। मृतकों के नाम रवि उरांव (30), उनकी मां बेबी उरांव (52) और बड़ा बेटा विवेक उरांव (13) हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मदारीहाट के सायलामंडल इलाके का निवासी विनोद उरांव वन विभाग में महावत का काम करता था। वह और उनका परिवार अपने सबसे बड़े बेटे विवेक उरांव की पढ़ाई के लिए मदारीहाट रेंज कार्यालय के क्वार्टर में रहते थे। सूत्रों के अनुसार, विनोद का परिवार छह सदस्यों का था जिसमें उनकी पत्नी, मां, दो बेटे और भाई रवि शामिल थे। उनका सबसे बड़ा बेटा विवेक मदारीहाट



के एक निजी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ रहा था। विनोद उरांव ने बताया कि 2014 में काम करते समय उनके पिता की मृत्यु हो गई थी। पिता की नौकरी उसके भाई को मिलने की बात थी। इसके लिए वे कई बार कोलकाता तक भी गए। लेकिन, दस साल बाद भी नौकरी न मिलने से मेरा भाई उदास हो गया। रविवार की रात रवि उरांव ने अपनी सारी किताबें लीं और अपने घर के पीछे उन्हें आग लगा दी। हालांकि, विनोद ने अपने भाई को हार न मानने की सलाह दी, लेकिन वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुका था। रात को उन्होंने साथ मिलकर मछली और चावल खाया और सो गए। पड़ोसियों के अनुसार, उनके परिवार में कोई विवाद या अशांति नहीं थी। विनोद उरांव सोमवार की सुबह वन विभाग में ड्यूटी पर गए थे। अपनी पत्नी से यह दुःखद समाचार पाकर वह तुरंत घर आए। उन्होंने देखा कि भाई रवि फंदे पर लटका हुआ है। उसकी मां और बेटा फर्श पर मृत पड़े हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

# शौचालय में घुसकर नाबालिग से अश्लील हरकत, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोदपुर स्टेशन के पास सोमवार दोपहर एक नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत का सनसनी खेज मामला सामने आया। आरोप है कि आरोपी युवक ने सुलभ शौचालय में घुसकर 17 वर्षीय नाबालिका के साथ अश्लील हरकत की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नाबालिका अपने बड़े भाई के साथ राजस्थान जाने के लिए फतुल्लापुर से यात्रा कर रही थी। सोदपुर स्टेशन के पास नाबालिका की तबियत खराब हो गई, जिसके बाद उसके बड़े भाई ने उसे नहलाने के लिए ट्रेन से उतार लिया। वहां पास के एक शौचालय में नाबालिका नहाने के लिए चली गयी। इस बीच आरोपी युवक शौचालय में घुस आया और नाबालिका के साथ अश्लील हरकत करने लगा।



नाबालिका की चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका भाई और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। खबर मिलते ही खड़दह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना ने सोदपुर स्टेशन के आसपास के इलाके में सनसनी मचा दी।

# हेरिटेज कॉलेज ने नेशनल पॉलिसी हैकाथॉन 2025 में प्रथम स्थान किया हासिल






**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आईआईएम और आईआईएफटी द्वारा आयोजित और टीच फॉर इंडिया तथा टाटा स्ट्राइव के सहयोग से आयोजित तीसरे नेशनल पॉलिसी हैकाथॉन 2025 का ग्रैंड फिनाले 2 मार्च को कोलकाता के आईआईएम में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में भारतभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से 500 छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 50 छात्रों को दूसरे दौर के लिए चुना गया। इन 50 छात्रों में से 20 टीमों ने ग्रैंड फिनाले में हिस्सा लिया। जहां कोलकाता के हेरिटेज कॉलेज की टीम एऑ ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि दूसरा और तीसरा स्थान क्रमशः क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज ने जीता। टीम एऑ में हेरिटेज कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की तीसरी वर्ष की छात्रा अश्मिता सील और अर्थशास्त्र विभाग के अभिषेक बनर्जी शामिल थे।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कोलकाता के सीईओ पी.के. अग्रवाल ने कहा, हम विजेताओं को इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हासिल की गई इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। हेरिटेज कॉलेज के छात्रों ने कम समय में जो चमत्कार किया, वह हमें गर्वित करता है।

# मालदह डिवीजन के जमालपुर-किउल सेक्शन में लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह डिवीजन ने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए सुरक्षा, दक्षता और यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दी है। डिवीजन ने जमालपुर-किउल खंड के काजरा और उरेन स्टेशनों के बीच स्थित स्तर क्रॉसिंग गेट नंबर 31 के स्थान पर लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह महत्वपूर्ण कार्य केवल छह घंटे के ब्लॉक अवधि में संपन्न किया गया, जिससे ट्रेन सेवाओं में न्यूनतम व्यवधान हुआ। इस परियोजना के पूरा होने के बाद, जैसे ही पहुंच निर्माण कार्य संपन्न होगा, यह नया एलएचएस सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करेगा।



यह पहल मालदह डिवीजन के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और कदम है, जो सुरक्षित और अधिक कुशल रेलवे संचालन को सुनिश्चित करेगा। एलएचएस के निर्माण के अलावा, ब्लॉक अवधि के दौरान अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा कार्य भी पूरे किए गए, जिससे संसाधनों और समय का अधिकतम उपयोग किया गया।

## हाबरा हत्याकांड में बेटी और दामाद समेत तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

❑ **कर्ज चुकाने के लिए सास-ससुर की थी हत्या**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा में एक दंपत्ति की हत्या के मामले में बारासात जिला अदालत ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 15 सितंबर 2020 की रात का है, जब हाबरा के टुनिघाटा लंडन पाड़ा स्थित घर से पूर्व सैनिक रामकृष्ण मंडल और उनकी पत्नी लीलारानी के शव रक्तरंजित हालत में बरामद हुए थे। दोनों की हत्या प्वाइंट ब्लैंक रेंज से सिर और सीने में गोली मारकर की गई थी। पुलिस जांच में आरोपियों के नाम सामने आए। दंपत्ति की छोटी बेटी का पति बंटी साधू, उसका सहयोगी अजय दास और बंटी की पत्नी निवेदिता साधू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बंटी पर करीब 8 से 10 लाख रुपये का कर्ज था, जिसे चुकाने के लिए वह अपने ससुर-सास से पैसे मांग रहा था। जब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया, तो उसने अपनी पत्नी और सहयोगियों के साथ मिलकर ससुर-सास की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया। इस आधार पर बारासात जिला अदालत ने बंटी, अजय और निवेदिता को दोषी करार दिया। अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई और साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई गई। इसके अलावा, अजय दास के पास से हथियार बरामद होने के कारण उसे पांच साल की अतिरिक्त सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह सजा बारासात जिला अदालत की एसीजीएम पांचवी जज दीपाली श्रीवास्तव ने सुनाई।

# मेट्रो रेलवे की बास्केटबॉल टीम ने 14वां युवा बास्केटबॉल टूर्नामेंट, 2025 जीता



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे की बास्केटबॉल टीम ने एक बार फिर मेट्रो कर्मियों को गर्व का एहसास कराया है। इस टीम ने 14वां युवा बास्केटबॉल टूर्नामेंट, 2025 जीत लिया है, जो 28 फरवरी से 2 मार्च, 2025 तक ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित इम्फा पार्क में आयोजित हुआ था। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था।

फाइनल मुकाबले में मेट्रो रेलवे की टीम ने युवा बास्केटबॉल क्लब, भुवनेश्वर को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत पर मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# जसीडीह स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाते हुए फुट ओवर ब्रिज का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल डिवीजन ने 2 मार्च को जसीडीह स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। यह फुट ओवर ब्रिज प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 के बीच यात्रियों को सुरक्षित और सुगम बनाने में मदद करेगा। इसके साथ ही, आसनसोल डिवीजन ने विभिन्न स्थानों पर दो लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण भी पूरा किया है। इस विकास के तहत, एलएचएस संख्या 24 मथुरापुर-शंकरपुर सेक्शन में और एलएचएस संख्या 36 सिमुलतला-घोरपरान सेक्शन में बनाए गए हैं। इन कार्यों के दौरान, प्रभावित सेक्शनों पर एक मेगा ब्लॉक भी आयोजित किया गया था। इस अवधि के दौरान, आसनसोल और जसीडीह के बीच एक जोड़ी पैसेंजर स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं ताकि यात्री सेव-



ाओं में न्यूनतम विघ्न उत्पन्न हो सके।

जसीडीह स्टेशन पर उद्घाटित फुट ओवर ब्रिज अब यात्री प्रवाह को सुगम बनाएगा और स्टेशन परिसर को अव्यवस्था से मुक्त करेगा। साथ ही, एलएचएस का उद्घाटन सड़क यातायात के लिए सुरक्षित और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जो यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए फायदेमंद साबित होगा।

# विशेष शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण में करे निवेश : जगदीप धनखड़

❑ **हिंदुजा फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक हिंदुजा ने हिंदुजा कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की योजना की घोषणा की**

**कोलकाता :** शिक्षा के क्षेत्र में 75 वर्ष पूरे करने के अवसर पर, हिंदुजा समूह ने अपने प्रमुख संस्थान, हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स के ज़रिए भारत के भविष्य को आकार देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हिंदुजा कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स की शुरूआत शरणार्थियों के बच्चों के लिए बनाए गए एक साधारण प्राथमिक विद्यालय के रूप में हुई थी। आज 6000 से अधिक छात्र यहां पढ़ते हैं और हिंदुजा कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स अब एक डीम्ड विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है।

यह समूह हिंदुजा फाउंडेशन के माध्यम से भारत भर में 'रोड टू स्कूल' और 'रोड टू लाइवलीहूड' जैसी पहलों के माध्यम से 7,00,000 से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान करता है। 2030 तक 1 मिलियन छात्रों को सशक्त बनाने की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ, हिंदुजा फाउंडेशन शिक्षा को बदलाव के मुख्य स्रोत के रूप में बढ़ावा देना जारी रखता है और 2047 तक भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण में प्रमुख योगदान देता है।

इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनके साथ कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

# विवाहेतर संबंध का अंजाम! मेडिकल कॉलेज में युवती पर हथौड़े से हमला, आरोपी पति की प्रेमिका

**कोलकाता :** विवाहेतर संबंध के कारण कोलकाता मेडिकल कॉलेज में एक महिला पर जान-लेवा हमला हुआ। सोमवार को दिनदहाड़े अस्पताल परिसर में हुई इस घटना से हड़कंप मच गया। पीड़ित महिला का नाम प्रियंका मजूमदार बताया जा रहा है, जिन्हें तुरंत अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति के विवाहेतर संबंध थे, जिसकी भनक उसकी पत्नी को लग गई थी। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। पत्नी का दावा है कि परकिया के चलते उसके पति ने उससे बातचीत तक बंद कर दी थी। सोमवार को जब वह किसी काम से कोलकाता मेडिकल कॉलेज अस्पताल गईं, तो वहां उन्होंने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ देख लिया।

पत्नी गुस्से में सीधे उनके पास पहुंच गईं और इस बारे में बात करने की कोशिश करने लगीं। हालांकि, पति और उसकी प्रेमिका ने बातचीत से इनकार कर दिया। इसके बाद प्रियंका ने उस महिला को अस्पताल के बाहर ले जाकर बात करने की कोशिश की। इसी दौरान अचानक उस महिला ने प्रियंका पर हमला कर दिया।

हमलावर महिला ने अपने बैग से हथौड़ा निकालकर प्रियंका के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। अचानक हुई इस घटना से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह प्रियंका को बचाया और अस्पताल में उनका प्राथमिक इलाज किया गया।

प्रियंका का कहना है कि वह सिर्फ उस महिला से बात करना चाहती थीं, लेकिन उसे गालियां दी गईं और फिर उन पर हमला कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि इस पूरे हमले में उनके पति की भी संलिप्तता थी। इस घटना के बाद प्रियंका खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

अस्पताल परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों ने भी इस घटना को देखा और अब पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आरोपों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# कई करोड़ रुपये की गड़बड़ी, पूर्व प्रधान का पति गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप में तृणमूल कांग्रेस शासित पंचायत की पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान के पति को गिरफ्तार किया गया है।

तृणमूल कांग्रेस द्वारा संचालित मुर्शिदाबाद जिले के सूती 1 नंबर ब्लॉक के बहुताली ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपये के वित्तीय अनियमितता के मामले में पंचायत के पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान के पति अब्दुल शेख को गिरफ्तार किया गया है। इसी मामले में पंचायत के पूर्व प्रधान सुरमणि मंडल को भी गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, इस घोटाले में पंचायत के सचिव अशोक कुमार घोष को भी गिरफ्तार किया गया था।

गिरफ्तार दोनों तृणमूल नेताओं को आज जंगीपुर अनुमंडल अदालत में पेश किया जाएगा। इस वित्तीय



घोटाले को लेकर सूती के राजनीतिक माहौल में हलचल मच गई है।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता जयदेव दास ने कहा, तृणमूल का मतलब चोरी है। हम पहले से कह रहे थे, पुलिस अब गिरफ्तार कर रही है। यह साबित हो गया कि हमारा आरोप सही था। और भी कई चोर हैं, वे भी जेल जाएंगे। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस की ओर से अभी तक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# कृष्णानगर-लालगोला सेक्शन में दो लिमिटेड हाइट सबवे का सफल निर्माण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने कृष्णानगर-लालगोला सेक्शन में लेवल क्रासिंग गेट की जगह दो लिमिटेड हाइट सबवे का सफलता-पूर्वक निर्माण किया है। यह कार्य रीइंफोर्स्ड सीमेंट कॉंक्रिट (आरसीसी) बॉक्स और स्लैब्स की योजना और सफलतापूर्वक स्थापना के माध्यम से पूरा किया गया। 02 मार्च को 10:30 बजे से 17:00 बजे के बीच ब्लॉक अवधि के दौरान, प्रत्येक लिमिटेड हाइट सबवे के लिए कुल 10 आ-रसीसी बॉक्स और 9 स्लैब्स स्थापित किए गए, जिससे लेवल क्रॉसिंग नंबर 105 और 116 को बदल दिया गया। सबवे का निर्माण क्रमशः 16:32 बजे और 16:45 बजे पूरा हुआ, जो निर्धारित समय से पहले था।



ब्लॉक अवधि के दौरान, परिचालन दक्षता और यात्री सुरक्षा में सुधार के लिए कई बुनियादी ढांचा सुधार और रखरखाव कार्य किए गए। इंजीनियरिंग, सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन, और ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन (टीआरडी) विभागों द्वारा किए गए कार्यों में ट्रैक रखरखाव और उन्नयन कार्य, सिग्नल और इलेक्ट्रिकल कार्य, रेजीनगर और पलासी के बीच 600 मीटर तथा बेलडांगा और रेजीनगर के बीच 2.5 किमी तक ट्रैक डेस्ट्रेसिंग शामिल है। जियागंज और भगवंगोला के बीच 670 मीटर तक बैलास्ट क्लीनिंग मशीन कार्य किया गया, जिससे ट्रैक की जल निकासी और स्थिरता में सुधार हुआ।

# उद्योग को गति देने के लिए राज्य में पोर्टल का उद्घाटन, नई समन्वय समिति का गठन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में हुए विश्व बंग व्यापार सम्मेलन के मंच से उन्होंने यह साफ कर दिया था। अब एक महीने के भीतर ही सोमवार को उन्होंने उद्योग जगत से जुड़े अधिकारियों और निवेशकों के साथ बैठक की और इन्वेस्टमेंट सिनर्जी पोर्टल का उद्घाटन किया। इस कदम से यह स्पष्ट हो गया कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करना है। जानकारी के अनुसार, यह नया पोर्टल राज्य के उद्योगपतियों के लिए एक अहम मंच साबित होगा। इसके जरिए निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए क्या-



क्या प्रक्रियाएं अपनानी होंगी, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री सिर्फ शहरी इलाकों तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि छोटे और मध्यम उद्योगों को जिलों तक विस्तार देना चाहती हैं। निवेशकों की लंबे समय से मांग थी कि सरकार एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाए, जहां वे आसानी से जान सकें कि कहां कितनी जमीन उपलब्ध है, किराया कितना होगा, लीज पर मिलने वाली जमीन का प्रीमियम, लीज ट्रांसफर और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया क्या होगी। इससे उन्हें विभिन्न सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने इस जरूरत को समझते हुए काफी समय पहले इस पोर्टल को विकसित करने की योजना बनाई थी, जिसे अब लॉन्च कर दिया गया है। इस पोर्टल पर 'लैंड बैंक' की पूरी जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे निवेशकों को जमीन संबंधी सभी जानकारियां ऑनलाइन मिल सकेंगी। एक औद्योगिक समन्वय समिति का भी गठन कर दिया है, जिससे उद्योगों से जुड़ी बाधाओं को जल्द से जल्द हल किया जा सके। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि अब सिर्फ वादे और चर्चाओं का समय खत्म हो चुका है, अब सीधे कार्रवाई का दौर शुरू होगा। राज्य में 'लैंड बैंक' मौजूद है और इसमें कहां-कितनी जमीन उपलब्ध है, इसकी पूरी जानकारी रखी गई है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में औद्योगिक पार्कों के लिए भूमि चिह्नित की गई है और अब इसका प्रभावी उपयोग किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। हर जिले में जिला अधिकारी के नेतृत्व में एक समन्वय समिति बनाई जाएगी, जिसका मुख्य उद्देश्य यह होगा कि उद्योगपतियों को किसी भी प्रकार की अनुमति के लिए परेशान न होना पड़े और बिना किसी देरी के सभी औपचारिकताएं पूरी हों।

## जादवपुर विश्वविद्यालय में बवाल पर हाईकोर्ट में याचिका, आज सुनवाई की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में हुए बवाल का मामला अब अदालत तक पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में दायर इस याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हो सकती है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि हिंसा की घटनाओं के बावजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही। शिकायत में कहा गया है कि अब तक इस मामले में कुल सात एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें से दो पुलिस की ओर से और बाकी तृणमूल कांग्रेस तरफ से कराई गईं। याचिकाकर्ता का दावा है कि वामपंथी छात्र संगठनों की



शिकायतें दर्ज नहीं की गईं, उल्टा उनके हॉस्टलों में छापेमारी कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। गौरतलब है कि गत शनिवार को विश्वविद्यालय में वेबकूपा (वेस्ट बेंगॉल कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी प्रोफेसर्स एसोसिएशन) की वार्षिक आमसभा के दिन ही परिसर में तनाव बढ़ गया था। आरोप है कि छात्र संघ चुनाव सहित कई मांगों को लेकर वामपंथी छात्र सुबह से ही प्रदर्शन कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के विश्वविद्यालय पहुंचने से पहले प्रदर्शनकारी छात्रों ने बैनर और पोस्टर के साथ विरोध जताया। इसी दौरान, तृणमूल कांग्रेस की छात्र इकाई टीएमसीपी के सदस्यों के साथ उनकी झड़प हो गई। विवाद बढ़ने पर प्रदर्शनकारी सभास्थल तक पहुंच गए, जिससे माहौल और गरमा गया। इस दौरान, विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद तृणमूल समर्थित शिक्षाबंधु समिति के दफ्तर में तोड़फोड़ की गई और आगजनी भी हुई। इसके अलावा, प्रदर्शनकारियों ने शिक्षामंत्री ब्रात्य बसु की कार के टायर की हवा निकाल दी। इस हंगामे में खुद मंत्री को भी धक्का-मुक्की में चोट लगी, जिसके बाद उन्हें एसएसकेएम अस्पताल में इलाज कराना पड़ा।

## माकपा नेता सुजन चक्रवर्ती को पार्टी कार्यालय में बंद करने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल छात्र परिषद के सदस्यों पर सीपीआईएम नेता सुजन चक्रवर्ती को पार्टी कार्यालय में बंद करने का आरोप है। यह घटना सोमवार को बारुईपुर में घटी। उन्हें सीपीआईएम पार्टी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया। सुजन बक्रवर्ती, राहुल घोष, रतन बागची सहित जिला सीपीआईएम नेता और कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय के अंदर मौजूद थे। कार्यालय बाहर से बंद था। घटना को लेकर इलाके में तीव्र तनाव फैल गया। तनाव की खबर मिलने पर बारुईपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल छात्र परिषद के सदस्यों का एक समूह झंडे लेकर कार्यालय में घुस आया। वे नारे लगाने लगे। उनके नेता को अभद्र भाषा में गाली दी गई। इस संदर्भ में तृणमूल नेता और बाईपुर नगरपालिका के उपाध्यक्ष गौतम दास ने कहा कि उनका आंदोलन शिक्षा मंत्री पर हमले के विरोध में है। उन्होंने भविष्य में सीपीआईएम पार्टी कार्यालय को ताला लगाने की भी धमकी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी सीपीआईएम नेता को इस पार्टी कार्यालय में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अंदर मौजूद लोगों को बाहर आने की इजाजत नहीं दी जाएगी। किसी को भी बाहर से प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। बारुईपुर थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। यह भी बताया गया है कि बाद में ताला खोल दिया गया। इस संदर्भ में सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि हम इसे महत्व नहीं देते। शायद उसने किसी का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसा किया। सुजन चक्रवर्ती ने बताया कि वह और स्टाफ लाइब्रेरी में बैठकर मीटिंग कर रहे थे, तभी कुछ लोग अंदर आए और घटना को अंजाम दिया। उन्होंने आगे कहा कि अगर वे सोचते हैं कि वे सीपीआईएम कार्यालय में प्रवेश कर सकते हैं, क्योंकि तृणमूल के कार्यालय में प्रवेश करने में असमर्थ हैं, तो यह कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। बदि आप ताला लटकाएंगे तो वह टूट जाएगा। हम झंडा फहराएंगे। यह पार्टी कार्यालय कब्जे की जगह नहीं है।

# रक्षा राज्यमंत्री ने कोलकाता में तटरक्षक बल के क्षेत्रीय मुख्यालय का किया दौरा

**❑ तटरक्षक अधिकारियों के साथ बैठक में समुद्री सीमाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रविवार को कोलकाता में भारतीय तटरक्षक बल के उत्तर- पूर्व क्षेत्रीय मुख्यालय का दौरा किया और समुद्री सीमाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। कोलकाता में तटरक्षक बल के क्षेत्रीय मुख्यालय के प्रथम दौरे में मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में उत्तर पूर्वी समुद्री सीमा क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों, खोज और बचाव कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कोलकाता में रक्षा मंत्रालय के



प्रवक्ता ने सोमवार को एक बयान में बताया कि बैठक में उन्होंने तटरक्षक क्षेत्र की आपरेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर योजनाओं की भी समीक्षा की। तटरक्षक क्षेत्र (उत्तर-पूर्व) के कमांडर व आइजी इकबाल सिंह चौहान ने रक्षा राज्यमंत्री को तटरक्षक चार्टर के तहत क्षेत्र की आपरेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के बारे में जानकारी दी। उन्हें पिछले वर्ष की परिचालन गतिविधियों और उत्तर-पूर्व क्षेत्र के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) में उभरते सुरक्षा परिदृश्य के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा राज्यमंत्री जी ने चेन आफ स्टैटिक सेंसर के रिमोट आपरेशन सेंटर (आरओसी) का भी दौरा किया और उन्हें, क्षेत्र में तटीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रानिक निगरानी उपायों के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा राज्यमंत्री ने समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा करने और समुद्र में खराब मौसम की स्थिति में भी जान बचाने में भारतीय तटरक्षक बल द्वारा निभाई गई भूमिका की प्रशंसा की। रक्षा राज्यमंत्री ने तटरक्षक बल के जवानों के साथ भी बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

## फाल्गुन मेला 2025 पीएस संसारा में भव्यता और संस्कृति के संगम के रूप में संपन्न हुआ

**हावड़ा, समाज्ञा :** फाल्गुन मेला 2025 पीएस संसारा में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालु, कारीगर और परिवार आध्यात्मिकता, संस्कृति और उत्सव के इस अविस्मरणीय आयोजन का हिस्सा बने। यह आयोजन 1 और 2 मार्च 2025 को हावड़ा स्थित 1 आचार्य तुलसी मार्ग पर आयोजित किया गया। पीएस ग्रुप द्वारा आयोजित इस मेले में भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया। जिसमें



भावपूर्ण कीर्तन, भजन संध्या, पारंपरिक हस्तकला प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभिन्न क्षेत्रीय व्यंजनों की शानदार श्रृंखला शामिल थी। आगंतुकों ने इंटरैक्टिव वर्कशॉप, धार्मिक प्रवचन और भव्य प्रसाद वितरण का अनुभव किया, जिससे यह आयोजन एक संपूर्ण आध्यात्मिक यात्रा बन गया। इस वर्ष का फाल्गुन मेला पीएस संसारा में आयोजित किया गया, जो हावड़ा में एक अनूठा लग्जरी टाउनशिप है, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समावेश करता है। 17.4 एकड़ में फैले इस स्थल में रिवरफ्रंट बुलेवार्ड, हरियाली से भरे परिदृश्य और वेलनेस स्पेस उपलब्ध हैं, जिससे यह मेले के लिए एक उपयुक्त स्थान बन गया। पीएस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव डुगर ने इस आयोजन की सफलता पर टिप्पणी करते हुए कहा, फाल्गुन मेला 2025 सिर्फ एक उत्सव नहीं था, बल्कि यह संस्कृति, परंपराओं और समुदायों का संगम था। हमें संसारा में इस भव्य आयोजन की मेजबानी करने पर गर्व है, और हम भविष्य में भी ऐसे भव्य आयोजनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल असभ्य सरकार है : मंत्री सुरेश पुजारी

**भुवनेश्वर/कोलकाता :** राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने ओडिशा सीमा पर घुसपैठ को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल एक असभ्य सरकार है। उन्होंने आगे कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो ओडिशा पश्चिम बंगाल को भी पाठ पढ़ाएगा और रास्ता दिखाएगा। राजस्व मंत्री पुजारी बालेश्वर जिले के उदयपुर एवं सहाबाजीपुर में घुसपैठ पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ओडिशा की सीमाएं, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल के साथ हैं। मैंने जिले का दौरा किया है और अधिकारियों के साथ चर्चा की है। छत्तीसगढ़ और झारखंड के साथ ज्यादा समस्याएं नहीं हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि ओडिशा बनने के बाद से आज तक बालेश्वर



में सीमा चिह्नित नहीं हो पाई है। राजस्व मंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग पश्चिम बंगाल सरकार के साथ संपर्क में है। शांतिपूर्ण माहौल में सीमाओं का पता लगाया जाएगा। इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल के राजस्व अधिकारी के साथ-साथ ओडिशा के राजस्व अधिकारी क्षेत्र का दौरा करके सीमा की पहचान करेंगे। यह सरकार बिना किसी विवाद के सीमाओं के सीमांकन की समस्या का समाधान करेगी। पश्चिम बंगाल सरकार एक असभ्य सरकार है। पश्चिमी बंगाल देश में समस्याएं पैदा कर रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार ने नागरिकता कानून लागू नहीं किया है, वह वर्षों से आलू को ओडिशा पहुंचने से रोककर समस्याएं पैदा कर रहे हैं।

**❑ मंत्री का दावा, विवाद पैदा करने के लिए काम करती है पश्चिम बंगाल सरकार**

बंगाल में आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं की। यह लोकतंत्र का दुर्भाग्य है। पश्चिम बंगाल सरकार विवाद पैदा करने के लिए काम करती है। पश्चिम बंगाल झगड़े पैदा करने का काम कर रहा है। उन्हें पढ़ाई करने की जरूरत है। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि ओडिशा सरकार उन्हें रास्ता सिखाएगी। जबरदस्ती की परवाह कौन करता है? अगर पश्चिम बंगाल सरकार खूंटा लगाएंगे, तो ओडिशा के लोग उन्हें उखाड़ देंगे। लोग राजस्व विभाग के साथ सहयोग कर रहे हैं। ओडिशा पूरे देश को रास्ता दिखा रहा है, पश्चिम बंगाल सरकार को रास्ता दिखाने में देर नहीं लगेगी।

## कुलतली में 30 साल बाद तृणमूल ने भुवनखाली सहकारी समिति के चुनाव में जीती निर्णायक जीत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के कुलतली में तृणमूल कांग्रेस ने भुवनखाली सहकारी समिति के चुनाव में 30 साल बाद जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही राज्य के शासक दल ने एक बार फिर विरोधियों को पराजित किया है। कुलतली के चुपड़िझाड़ा ग्राम पंचायत के भुवनखाली सहकारी समिति में कुल 9 सीटें थीं, जिन पर तृणमूल कांग्रेस ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। दिलचस्प बात यह है कि विरोधी दलों ने कोई भी नामांकन पत्र नहीं भरा, जिसके कारण तृणमूल को बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के जीत मिली। इस भारी जीत के बाद तृणमूल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी से झूमते हुए रविवार को हरे रंग का गुलाल खेला और जश्न मनाया। इससे पहले, तृणमूल ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के कई सहकारी चुनावों में भी सफलता प्राप्त की थी। रविवार को नंदीग्राम में सहकारी चुनाव में भगवा शिविर को विजय मिली।

## उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों के लिए सहायक बनी पुलिस



**हुगली, समाज्ञा :** परीक्षा का समय छात्रों के लिए अत्यंत महत्व-पूर्ण और संवेदनशील होता है। इसमें उन्हें मानसिक शांति और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। हुगली जिले में पुलिस द्वारा की गई पहल ने न केवल परीक्षार्थियों की सहायता की, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया। रिसड़ा थाने के पुलिस अधिकारी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक जाने में कोई असुविधा न हो इसके लिए बाइक टोटो चार पहिया वाहन का इंतजाम कर रखा था। पुलिस के तरफ से एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई थी ताकि छात्रो के अस्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया जा सके।

**❑ पुलिस की सराहनीय पहल**

परीक्षा केंद्रों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ पुलिस ने छात्रों को विशेष सहायता प्रदान की। सुबह परीक्षा केंद्रों पर पहुँचने वाले छात्रों को रिसड़ा थाने के पुलिस अधिकारियों ने पेयजल, एनर्जी ड्रिंक, पेन और गुलाब का फूल भेंट किया। इसके साथ ही, उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। यह कदम न केवल छात्रों को प्रोत्साहित करने वाला था, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने वाला साबित हुआ।

**❑ ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था**

परीक्षा केंद्रों के बाहर ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिसकर्मी प्रमुख चौराहों और परीक्षा केंद्रों के आसपास तैनात रहे, जिससे छात्रों और उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, जसके वजह से परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

**❑ छात्रों और अभिभावकों की प्रतिक्रिया**

छात्रों और उनके अभिभावकों ने पुलिस के इस कदम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। परीक्षा के दौरान इस प्रकार की सहायता ने छात्रों को मानसिक रूप से सहज रखा। कुछ छात्रों ने कहा कि पुलिस द्वारा दी गई शुभकामनाएं और सहायता ने उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ाया। अभिभावकों ने भी पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार की पहल को अन्य स्थानों पर भी लागू करने की अपील की।

## पुलिस की मदद से परीक्षा केंद्र पंहुचा परीक्षार्थी



उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी का खोया एडमिट कार्ड तो श्रीरामपुर थाना के उप प्रभारी ने जीतेन्द्र ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कर छात्र को परीक्षा केंद्र पहुंचाया। यह घटना पुलिस की तत्परता और मानवता का एक बेहतरीन उदाहरण है। परीक्षार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षाएँ बेहद अहम होती हैं, और ऐसे समय में अगर कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज खो जाए तो यह बहुत तनावपूर्ण स्थिति हो सकती है। लेकिन श्रीरामपुर थाना के उप-प्रभारी जीतेन्द्र और उनकी टीम ने सराहनीय कार्य किया। इस तरह की पहल न केवल छात्रों में सुरक्षा की भावना पैदा करती है, बल्कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि को भी मजबूत करती है। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की तत्परता से यह स्पष्ट होता है कि वे न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए, बल्कि नागरिकों की हरसंभव सहायता के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। उच्च माध्यमिक परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े इसको लेकर चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस सोमवार सुबह से ही पूरी तरह से तत्पर नजर आयी। रिसड़ा के रहने वाले उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी मोहम्मद नसीम का एडमिट कार्ड खो गया। अब वह चिंतित था की उसे परीक्षा केंद्र में अनुमति नहीं मिलेगी। ऐसे में पुलिस ने सहायता का हाथ बढ़ाया और उच्चमाध्यमिक परीक्षार्थी के खोये एडमिट की डायरी दर्ज करके उसे परीक्षा केंद्र पहुंचाया। इस तरह से एक छात्र अपने जीवन के पड़ाव की दूसरी सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा देने में सफल रहा।

# विश्वविद्यालय हड़ताल के कारण जगह-जगह हंगामा, वामपंथी और टीएमसीपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प




**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्वविद्यालय हड़ताल के कारण सोमवार की सुबह कोलकाता के जादवपुर और प्रेसिडेंसी विश्वविद्यालयों के परिसर सुनसान हो गए क्योंकि छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने हड़ताल के समर्थन में विश्वविद्यालयों से दूरी बना ली। अधिकारियों ने बताया कि कलकत्ता विश्वविद्यालय, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय और बर्दवान विश्वविद्यालय जैसे अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के परिसर आंशिक रूप से प्रभावित हुए, क्योंकि सेमेस्टर परी-क्षाएं आयोजित होने के बावजूद कुछ कक्षाएं नहीं हुईं। हालांकि, जेयू और प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी के विपरीत इन परिसरों में एसएफआई के कम कार्यकर्ता देखे गए। सत्तारूढ़ टीएमसी की छात्र शाखा तृणमूल छात्र परिषद के कार्यकर्ता भी परिसरों में देखे गए। वामपंथी-टीएमसीपी कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प हड़ताल के दौरान सोमवार को राज्य में विभिन्न वामपंथी छात्र संगठनों और तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर शहर, दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी, कूच बिहार जिले और पूर्व मेदिनीपुर जिले के पांशकुड़ा में टीएमसी की छात्र शाखा के सदस्यों और एआईडीएसओ और एसएफआई के वामपंथी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं।

**❑ हड़ताल का असर और परीक्षा पर कोई प्रभाव नहीं**

इस दिन, सुबह से ही विश्वविद्यालयों में एसएफआई के सदस्य हड़ताल को लागू करने के लिए मौजूद थे, लेकिन इसका वाहनों की आवाजाही पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। हड़ताल के बावजूद राज्यभर में बोर्ड परीक्षा (कक्षा 12) की परीक्षाएं बिना किसी रुकावट के जारी रही। इसके अलावा, एसएफआई ने उच्च माध्यमिक परीक्षा की सुचारू रूप से संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों के पास सहायता शिविर लगाने की घोषणा की है, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## जेयू परिसर के पास एबीवीपी और एसएफआई के सदस्यों के बीच तनातनी

**जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के मुख्य द्वार के सामने सोमवार की शाम को भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों और वामपंथी 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) तथा 'ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन' (एआईडीएसओ) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।**



**पुलिस ने बताया कि गोलपार्क से शुरू हुई एबीवीपी-बीजेवाईएम की रैली जब लगभग 600 मीटर की दूरी पर समाप्त होने ही वाली थी, तभी इसके लगभग 100 सदस्य जेयू के गेट नंबर चार की ओर दौड़ पड़े। वे परिसर में घुस गए और एसएफआई तथा वामपंथी छात्र समूहों के खिलाफ नारे लगाने लगे तथा जेयू सहित राज्य विश्वविद्यालयों में वामपंथियों द्वारा आहूत हड़ताल के समर्थन में लगे पोस्टर फाड़ दिए। पुलिस ने बताया कि दोनों संगठनों के कुछ सदस्यों के बीच मामूली झड़प हुई, लेकिन वामपंथी छात्र जल्द ही परिसर में वापस चले गए, जबकि एबीवीपी के सदस्य यह कहते हुए स्वयं ही चले गए कि वे जेयू परिसर को धुर-वामपंथ से 'मुक्त' कराएंगे और जेयू में सामान्य शैक्षणिक कामकाज की बहाली सुनिश्चित करेंगे। गोल पार्क से जादवपुर पुलिस थाने तक निकाली गई एबीवीपी-बीजेवाईएम की रैली बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस कर्मी विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर डेरा डाले हुए हैं और स्थिति सामान्य है।**

## आइसा, एसएफआई ने जेयू के छात्रों पर 'हमले' के खिलाफ दिल्ली में किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** वामपंथी छात्र संगठनों स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने सोमवार को दिल्ली में 'बंग भवन' में विरोध प्रदर्शन किया तथा शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु के इस्तीफे एवं गिरफ्तारी की मांग की। एसएफआई दिल्ली की राज्य सचिव आइशी घोष ने कहा कि ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में छात्रों पर अत्याचार कोई नई बात नहीं है। छात्रों के असंतोष को दबाने के लिए कठोर कार्रवाई की जाती है और यह घटना इसका एक और उदाहरण है। ब्रत्य बसु को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। आइसा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अभिज्ञान ने एक बयान में कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने के लिए, बिल्कुल भाजपा की तरह बर्बर तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। ऐसे समय में जब देश भाजपा-आरएसएस का विकल्प तलाश रहा है, इस तरह का दमन बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन का समय बढ़ा, अब सुबह छह बजे से खुलेंगे द्वार

**अयोध्या:** अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन का समय बढ़ा दिया गया है और अब मंदिर सुबह सात बजे के बजाय एक घंटा पहले सुबह छह बजे से ही खुलेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीडिया प्रभाग के अनुसार राम मंदिर में दर्शन की नयी समय सारणी में संशोधित आरती का समय भी शामिल है और यह सोमवार से ही लागू हो गया। निर्धारित समय सारिणी के अनुसार, भक्त श्रृंगार आरती के बाद सुबह 6:30 बजे से 11:50 बजे तक मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं। इसके बाद राजभोग आरती के लिए मंदिर दोपहर 12 बजे बंद हो जाएगा।

### मुजफ्फरनगर में गन्ने से भरा ट्रक पलटने से चीनी मिल के दो कर्मचारियों की मौत

**मुजफ्फरनगर:** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंसूरपुर चीनी मिल परिसर में गन्ने से भरा एक ट्रक पलटने से मंसूरपुर चीनी मिल के दो कर्मचारियों की मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस हादसे में मृत कर्मचारियों की पहचान मोहनवीर और अरविंद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रामाशीष यादव के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब सिल्लाजुड्डी क्रय केंद्र से गन्ना लेकर ट्रक मिल में आ रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव अभियान के दौरान दोनों मृतकों को बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बिहार : पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने मुफ्त बिजली, सस्ती गैस आदि मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**पटना:** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सस्ती रसोई गैस, मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को राज्य विधान परिषद के बाहर प्रदर्शन किया। राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने से महज कुछ घंटे पहले पार्टी सहयोगियों के साथ विधान परिषद के बाहर प्रदर्शन किया। ऊपरी सदन में विपक्ष की नेता पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार को गरीब महिलाओं को 2,500 रुपये का मासिक भत्ता देना चाहिए, साथ ही रसोई गैस पर और अनुदान देनी चाहिए ताकि लोगों को 1,200 रुपये की मौजूदा दर के बजाय 500 रुपये में सिलेंडर मिल सके।

# बिहार विधानसभा में 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

- **महिलाओं पर विशेष ध्यान, 'पिंक शौचालय' से लेकर 'पिंक बस' और 'कन्या मंडप' की घोषणा**



**पटना:** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले सोमवार को 3.17 लाख करोड़ रुपये का अपना अंतिम बजट पेश किया। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्रालय के प्रभारी सम्राट चौधरी ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए दावा किया कि वर्षों की अराजकता के बाद बिहार को विकास के पथ पर लाने के लिए पिछले लगभग दो दशकों से नीतीश सरकार ने सफलतापूर्वक प्रयास किया है। चौधरी ने कहा कि इस बजट का आकार पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 38,169 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होंने सदन को बताया कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के कुशल नेतृत्व की शक्ति एवं दृष्टि है। उन्होंने कहा, समृद्ध और सशक्त भारत निर्माण के लिए निर्धारित विजन-2047 के साथ समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने के हमारे प्रयासों को द्रुत गति प्रदान करने के उद्देश्य से मैं बिहार सरकार का बजट पेश कर रहा हूं। आप अवगत हैं कि वर्षों की अराजकता के बाद राज्य को विकास के पथ पर लाने हेतु पिछले लगभग दो दशकों से नीतीश सरकार ने सफलतापूर्वक प्रयास किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी का इशारा विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन की तरफ था। चौधरी ने कहा, आज बिहार के विकास के लिए हमारे प्रयासों को राज्य की जनता ने जनसमर्थन देकर सराहा है। इसके लिए हम उनका अभिनन्दन करते हैं। साथ ही, हमें अहसास है कि हमारी सरकार द्वारा वर्षों के अथक प्रयास से तैयार किए गए राज्य के विकास के लिए जरूरी मजबूत ढाँचा के आधार पर नये बिहार के निर्माण के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

### बिहार बजट की अहम घोषणाएं

- ❒ प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण होगा.
- ❒ 358 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे.
- ❒ बड़े अनुमंडलों में रेफरल अस्पताल का निर्माण होगा.
- ❒ 108 नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र खुलेंगे.
- ❒ सभी प्रमंडालों में कैंसर अस्पताल खुलेंगे.
- ❒ बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनेगा.

## झारखंड सरकार ने 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया

- **पर्यटकों को लुभाने के लिए हेलीकॉप्टर शटल सेवा, ग्लास ब्रिज का प्रस्ताव**
- **दो विवि, पांच विधि और छह चिकित्सा महाविद्यालय का प्रस्ताव**



**रांची:** झारखंड सरकार ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। पिछले साल विधानसभा चुनावों के बाद झारखंड में सत्ता बरकरार रखने के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार का यह पहला बजट है। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्य की अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त मंत्री ने विधानसभा में कहा, 'मैं वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट सदन के पटल पर रखता हूं।' उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष के बजट में राजकोषीय घाटा 11,253 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। किशोर ने कहा कि बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिए 62,844 करोड़ रुपये और महिलाओं को मईयां सम्मान वित्तीय सहायता के लिए 13,363 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट गरीबों, किसानों, आदिवासियों और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1.28 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

### गाजियाबाद: घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति का गुप्तांग काट दिया

**गाजियाबाद (उप्र):** गाजियाबाद के एक गांव में एक घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने मकान मालिक का कथित तौर पर गुप्तांग काट दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 28 फरवरी को वेव सिटी पुलिस थाना क्षेत्र के शाहपुर बम्हेटा गांव की है। पीड़ित की पहचान संजय यादव (42) के रूप में हुई है और मेरठ के एक अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। वेव सिटी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पांडेय ने बताया कि इस संबंध में सोमवार को पीड़ित संजय यादव के बेटे प्रिंस ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया कि 28 फरवरी की आधी रात के करीब जब यादव अपने कमरे में सो रहे थे तभी तीन से चार लोग घर में घुस आए। अधिकारी ने कहा, 'घर में दाखिल हुए लोगों ने यादव को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और उनका गुप्तांग काट दिया।' पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस की टीम लगाई गई हैं और इलाके में सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला है। पीड़ित यादव ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। अधिकारी ने बताया कि वारदात के मकसद का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## महाकुंभ में भगदड़ के बाद हमने अफरा-तफरी रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित कार्रवाई की, जिससे पीड़ितों को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हुई और व्यापक स्तर पर अफरा-तफरी फैलने से रोका गया। राजधानी लखनऊ में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के अधिकारियों और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, हमने इस घटना को अत्यधिक उजागर नहीं होने दिया, क्योंकि उस समय प्रयागराज और कुंभ मेला क्षेत्र में आठ करोड़ श्रद्धालु और संत मौजूद थे, तथा अफरा-तफरी से स्थिति और खराब हो सकती थी। महाकुंभ के प्रमुख स्नान दिवस मौनी अमावस्या पर संगम घाट पर हुई भगदड़ में कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए थे। आदित्यनाथ ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के अलावा, 13 अखाड़ों के संतों को भी उस सुबह अमृत स्नान करना था। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों में अक्सर दो बड़ी चुनौतियां सामने आती हैं- संतों के बीच स्नान का क्रम तय करना, जिससे ऐतिहासिक रूप से विवाद होते रहे हैं, और यह सुनिश्चित करना कि अनुष्ठान सुबह चार बजे निर्धारित समय पर सुचारू रूप से हो। भगदड़ की इस घटना के बावजूद, सभी अखाड़े स्नान के लिए तैयार थे, लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम को स्थगित करने के लिए हस्तक्षेप किया। आदित्यनाथ ने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से उनसे स्थिति को संभालने के लिए अनुष्ठान को स्थगित करने का अनुरोध किया।

## न्यूज अपडेट

### बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित किया

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को सोमवार को पार्टी से भी निष्कासित कर दिया। इससे पहले, मायावती ने रविवार को आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर और अपने उत्तराधिकारी समेत सभी पदों से हटा दिया था। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा,'' बसपा की अखिल भारतीय स्तर की बैठक में कल श्री आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर श्री अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी।'' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''लेकिन, इसके विपरीत श्री आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है। वह उसके पछतावे व राजनीतिक परिपक्वता का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-जिम्मेदाराना बयान है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ उन्हें दण्डित भी करती रही हूं।'

### राजस्थान : मंत्री किरोड़ी मीणा को सरकारी बंगले का आवंटन रद्द किया गया

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को सरकारी बंगले का आवंटन रद्द कर दिया है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मीणा को अस्पताल रोड पर बंगला नंबर तीन आवंटित किया गया था। सूत्रों ने बताया कि मीणा ने खुद सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से बंगला आवंटन रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले साल फरवरी में आवंटित बंगले पर कब्जा नहीं लिया था। सूत्रों ने कहा, जीएडी ने बंगले का आवंटन रद्द कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मीणा राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली मौजूदा भाजपा सरकार को लेकर अपने असंतोष के बारे में मुखर रहे हैं। वह अपने बयानों से सुर्खियों में बने रहते हैं। बीते वर्ष लोकसभा चुनाव में राज्य में कुछ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के बाद मीणा ने अपना इस्तीफा सौंप दिया था, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया। मीणा ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए विधानसभा सत्र में भाग नहीं लिया है। मीणा ने हाल ही में अपना फोन टैप किए जाने का भी आरोप लगाया था जिसका गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने विधानसभा में खंडन किया।

### किसान नेताओं ने कहा: पंजाब के 'नाराज' मुख्यमंत्री बैठक से 'चले गये', किसान विरोध प्रदर्शन पर अड़े



**चंडीगढ़:** किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए पंजाब सरकार और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं के बीच सोमवार को वार्ता बीच में ही टूट गई। किसान नेताओं ने दावा किया कि (पंजाब के) 'नाराज' मुख्यमंत्री भगवंत मान 'बिना किसी उकसावे के बैठक से बाहर चले गए।' मुख्यमंत्री के साथ दो घंटे तक चली बैठक बेनतीजा रहने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं ने पांच मार्च से यहां एक सप्ताह तक चलने वाले धरने के अपने आह्वान पर आगे बढ़ने की घोषणा की। पंजाब सरकार ने एसकेएम नेताओं को उनके नियोजित विरोध प्रदर्शन से पहले यहां पंजाब भवन में मुख्यमंत्री के साथ बैठक के लिए आमंत्रित किया था। बैठक के बाद मान ने 'एक्स' पर लिखा, 'मैंने किसान संगठनों के सभी सम्मानित नेताओं से अपील की है कि 'चक्का जाम', सड़कों पर यातायात और ट्रेनों की आवाजाही अवरूद्ध करना या 'पंजाब बंद' किसी समस्या का समाधान नहीं है।' उन्होंने कहा, 'इस तरह की कार्रवाई के कारण आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। समाज के अन्य वर्गों की गतिविधियां और व्यवसाय बहुत प्रभावित होते हैं। आइए हम इस बारे में सोचें।'

# समीक्षा धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

06.03.2025 : कामदा सप्तमी व्रत
07.03.2025 : होलाष्टक आरम्भ
08.03.2025 : महिला दिवस
10.03.2025 : एकादशी व्रत

## आमलकी एकादशी के दिन इस उपाय से पाएं श्री हरि का आशीर्वाद, दूर होंगे सभी संकट



हिंदू धर्म में रोजाना भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। लेकिन विशेष कृपा प्राप्ति के लिए एकादशी का दिन सबसे शुभ है। कहते हैं कि एकादशी के दिन लक्ष्मी-नारायण की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन से सभी परेशानियां दूर होती हैं और उसके सुख में वृद्धि होती हैं। बता दें, एकादशी व्रत हर महीने के शुक्ल और कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर रखा जाता है। ऐसे में भक्तों को भगवान विष्णु की कृपा पाने के लिए हर माह दो अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

वर्तमान में फाल्गुन माह जारी है। इस माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 9 मार्च 2025 को सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन 10 मार्च को सुबह 7:44 मिनट पर है। उदया तिथि के मुताबिक इस बार 10 मार्च 2025 को एकादशी व्रत रखा जाएगा। इसे आमलकी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन आंवले के वृक्ष में स्वयं भगवान विष्णु वास करते हैं, इसलिए आमलकी एकादशी पर आंवले के पवित्र वृक्ष की श्रद्धा पूर्वक आराधना की जाती है। इस बार आमलकी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो सुबह 6:36 मिनट से लेकर देर रात 12:51 मिनट तक रहेगा। इस योग में विष्णु चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़े संकट का निवारण हो सकता है।

## 14 या 15 मार्च कब से लगेगा खरमास ? जानें सही डेट और समापन की तिथि




ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक जब भी सूर्यदेव धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं, तब खरमास लगता है। यह साल में दो लगता है, जो लगभग एक महीना तक रहता है। इस दौरान पहला खरमास मार्च-अप्रैल के महीने में लगता है, जबकि दूसरा दिसंबर-जनवरी में आता है। मान्यता है कि खरमास शुरू होते ही घरों में शादी-विवाह, नई खरीदारी, यात्रा, मुंडन, जनेऊ और अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक लगा दी जाती है। दरअसल, खरमास की अवधि में भगवान सूर्य देव गुरु बृहस्पति के घर जाते ही अपने तेज को कम कर लेते हैं। ऐसे में सूर्य की स्थिति कमजोर मानी जाती है और सभी शुभ कार्यों पर रोक लगा दी जाती हैं। वहीं ज्योतिषियों की मानें तो वर्तमान में सूर्य कुंभ राशि में विराजमान है और वह जल्द मीन में प्रवेश करेंगे। ऐसे में आइए जानते हैं कि साल 2025 का पहला खरमास कब से शुरू होने वाला है।

### कब लगेगा खरमास 2025?

वर्तमान में भगवान सूर्य कुंभ राशि में स्थित है और वह 13 मार्च तक भी इसी राशि में रहेंगे। ज्योतिष गणना के अनुसार सूर्यदेव 14 मार्च 2025 को मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में 14 मार्च 2025 से ही खरमास की शुरुआत होगी।

### खरमास समापन

पंचांग के अनुसार सूर्यदेव 14 अप्रैल 2025 के दिन मीन राशि से निकलकर मेष में विराजित होंगे। इसलिए 14 अप्रैल को खरमास समाप्त होगा। मान्यता है कि खरमास समाप्त होने के बाद एक बार फिर घरों में शादी-विवाह, गृह प्रवेश व अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।

## करियर में सफलता पाने के लिए भगवान गणेश के इन मंत्रों का करें जाप



जीवन में सफल होने के लिए हर व्यक्ति कड़ी मेहनत करता है, जिसका परिणाम उसके भविष्य का निर्माण करता है। लेकिन कई बार कठोर परिश्रम के बाद भी मनचाहे परिणामों की प्राप्ति नहीं होती हैं जिस कारण मन नकारात्मक विचारों से भर जाता है। ऐसे में भगवान गणेश की पूजा और उनके मंत्रों का जाप करें, इससे जीवन में सकारात्मकता का वास होता है।

शास्त्रों के मुताबिक भगवान गणेश प्रथम पूज्य देवता है और उन्हें बुद्धि-विवेक, शुभ-मंगल, और विघ्नहर्ता का कारक भी कहा जाता है। यदि किसी भी कार्य से पहले उनका पूजन किया जाए, तो उसमें आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। इस दौरान उनके मंत्रों के जाप से शिक्षा में सफलता, दुख-दर्द का नाश और व्यक्ति रोग मुक्त होता है। आइए इनके बारे में जानते हैं....

**ॐ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्वजनं में वशमानय स्वाहा।**

नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को इस मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे नौकरी की समस्या दूर होती है।

**ॐ ग्लौम गौरी पुत्र,वक्रतुंड,गणपति गुरु गणेश ग्लौम गणपति,ऋद्धि पति। मेरे दूर करो क्लेश।।**

कहते हैं कि रोजाना इस मंत्र का 108 बार जाप करने से घर की परेशानियां समाप्त होती हैं।

### श्री गणेश गायत्री मंत्र

**एकदंताय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात् । गजाननाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात्।**

मान्यता है कि श्री गणेश गायत्री मंत्र का जाप करने पर व्यक्ति को सफलता की प्राप्ति होती है और अच्छे परिणामों के योग बनते हैं। आप इस मंत्र का 108 बार जाप करें।




होली का पर्व पूरे भारत में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर अपनी खुशियों को साझा करते हैं और घरों में पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

### होली और होलिका दहन का महत्व

हिंदू पंचांग के अनुसार होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन से पहले होलिका दहन किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

### पूर्णिमा तिथि और होलिका दहन का शुभ समय

ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे शुरू होगी और 14 मार्च को सुबह 12:23 बजे तक रहेगी। चूंकि हिंदू धर्म में उदया तिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए पूर्णिमा तिथि का प्रभाव 14 मार्च को भी रहेगा।

### होलिका दहन पर रहेगा भद्रा का साया

हर साल होलिका दहन के दिन भद्रा काल का विशेष ध्यान रखा जाता है, क्योंकि मान्यता है कि भद्रा में होलिका दहन करना अशुभ माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल के दौरान किए गए शुभ कार्यों का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस कारण होलिका दहन का समय निर्धारित करने से पहले भद्रा समाप्त होने का इंतजार किया जाता है।

इस वर्ष भी होलिका दहन के दिन भद्रा का प्रभाव रहेगा। ज्योतिष गणना के अनुसार भद्रा काल 13 मार्च को रात 10:30 बजे समाप्त होगा। इसीलिए 13 मार्च को रात 11:26 बजे से 12:30 बजे तक का समय होलिका दहन के लिए शुभ रहने वाला है। होलिका दहन के लिए यह शुभ अवधि 01 घण्टा 04 मिनट्स के लिए रहने वाली है।

### होलिका दहन का महत्व

होलिका दहन से नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियां समाप्त हो जाती हैं, जिससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस के दौरान आग की परिक्रमा करने और उसमें नारियल, गेहूं व अन्य चीजें अर्पित करने से घर-परिवार की रक्षा होती है। होलिका की अग्नि से निकलने वाली ऊर्जा वातावरण को शुद्ध करती है, जिससे कई बीमारियों से बचाव होता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत में अवैध रूप से दाखिल होने के आरोप में बांग्लादेश के चार नागरिक त्रिपुरा में गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बांग्लादेश के चार नागरिकों को भारत में अवैध रूप से दाखिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वोत्तर राज्य में दो अलग-अलग घटनाओं में भारत के पांच नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन पर बांग्लादेशियों को भारत में दाखिल होने में मदद करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि गश्ती दल ने गुप्त सूचना के आधार पर गोमती जिले के नूतनबाजार क्षेत्र में चटगांव हिल ट्रैक्ट (सीएचटी) के पास एक सुदूर आदिवासी बस्ती धनियाबाड़ी में रविवार शाम को छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने चार लोगों को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने का प्रयास करते हुए पाया।

### भारत, नेपाल ने जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली :** भारत और नेपाल ने सोमवार को जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और नेपाल के जल आपूर्ति मंत्री प्रदीप यादव की उपस्थिति में एक समारोह में हस्ताक्षर किए गए। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह समझौता अपशिष्ट प्रबंधन, जल संसाधन प्रबंधन और क्षमता निर्माण सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देगा। समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों देश क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जल संसाधन प्रबंधन और संबंधित क्षेत्रों में नेपाली कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। बयान में कहा गया है कि प्रौद्योगिकी और ज्ञान हस्तांतरण पर भी मुख्य ध्यान दिया जाएगा। दोनों देश जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करेंगे। समझौता ज्ञापन का एक अन्य पहलू भूजल प्रबंधन में संयुक्त प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना है।

### मुंबई: ईडी ने 4,500 करोड़ रुपये के निवेश 'धोखाधड़ी' मामले में छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने मुंबई की एक कंपनी और उसके प्रवर्तकों द्वारा करीब 50 लाख जमाकर्ताओं के साथ 4,500 करोड़ रुपये की कथित निवेश धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड (पीसीएल), इसके पूर्व निदेशकों और अन्य के खिलाफ 28 फरवरी को छापे मारे गए। यह सेबी अधिनियम का उल्लंघन कर सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) के माध्यम से कथित धोखाधड़ी का मामला है, जिसमें 50 लाख से अधिक निवेशकों को कथित तौर पर 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का शिकार होना पड़ा। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पैनकार्ड क्लब्स लिमिटेड और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम, 1999 के तहत मामला दर्ज किया था और ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के लिए इसका संज्ञान लिया था।

# प्रधानमंत्री ने वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की



**सासण (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया जहां उन्होंने राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की, शेरों की संख्या का अनुमान लगाने के 16वें चक्र की शुरुआत की घोषणा की और बाघों, घड़ियालों तथा गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षियों के लिए संरक्षण योजनाओं का अनावरण किया। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने जूनागढ़ में राष्ट्रीय वन्यजीव रेफरल केंद्र की आधारशिला रखी और जंगलों में आग और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर काबू पाने के लिए कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने देश में पहली बार नदी डॉल्फिन आकलन रिपोर्ट जारी की जिसमें जलीय स्तनधारियों की संख्या 6,327 आंकी गई। गिर राष्ट्रीय उद्यान में अपनी सफारी पूरी करने के तुरंत बाद मोदी एनबीडब्ल्यूएल बैठक के लिए रवाना हुए जिसका समापन केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और बोर्ड के अन्य सदस्यों ने किया। बैठक में मोदी ने घड़ियाल पर एक नई संरक्षण परियोजना और गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी प्रजातियों के संरक्षण प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर विचार करने के बाद एक राष्ट्रीय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड संरक्षण कार्य योजना शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने अभयारण्यों के बाहर बाघों के संरक्षण पर केंद्रित एक योजना का खाका पेश किया, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों के साथ सह-अस्तित्व सुनिश्चित करके मानव-बाघ संघर्षों का समाधान करना है। बोर्ड ने डॉल्फ़िन और एशियाई शेरों के संरक्षण के प्रयासों और एक अंतरराष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस की स्थापना पर चर्चा की। एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने जंगली जानवरों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (सीएमएस) के तहत सहयोग बढ़ाने का सुझाव दिया। इसमें कहा गया कि प्रस्तावित वन्यजीव रेफरल केंद्र वन्यजीव स्वास्थ्य और रोग प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं के समन्वय और शासन के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पहली डॉल्फिन संख्या आकलन रिपोर्ट जारी की, देश की नदियों में हैं 6,327 डॉल्फिन

भारत की नदियों में कुल 6,327 डॉल्फिन पायी गई हैं। यह खुलासा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की सातवीं बैठक में जारी की गई देश की पहली नदी डॉल्फिन संख्या अनुमान रिपोर्ट में हुआ है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के जूनागढ़ जिले के सासण में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की, जो विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर आयोजित की गई। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, ''डॉल्फिन की संख्या की गणना करने के लिए आठ राज्यों की 28 नदियों का सर्वेक्षण किया गया। इसके तहत 8,500 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में अध्ययन किया गया और इसपर 3,150 मानव दिवस व्यय किए गए। डॉल्फिन की सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई, उसके बाद बिहार, पश्चिम बंगाल और असम का स्थान रहा।''

## उच्च शिक्षा समुदाय का उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त करना होना चाहिए: राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य तभी हासिल होगा जब विश्व समुदाय भारतीय प्रयोगशालाओं में किए जा रहे कार्यों को अपनाने के लिए उत्सुक होगा। यहां राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय 'विजिटर्स कॉन्फ्रेंस' 2024-25 का उद्घाटन करते हुए मुर्मू ने यह भी कहा कि देश के उच्च शिक्षा समुदाय की महत्वाकांक्षा यह होनी चाहिए कि संस्थानों के शोधकर्ताओं को विश्व स्तर पर मान्यता मिले। उन्होंने कहा कि यह उद्देश्य होना चाहिए कि देश के संस्थानों के पेटेंट दुनिया में बदलाव ला सकें और विकसित देशों के छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत को पसंदीदा स्थान के रूप में चुनें। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के छात्र अपनी प्रतिभा से विश्व के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध करते हैं तथा उन्होंने देश में उनकी प्रतिभा का उपयोग करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य तभी प्राप्त होगा जब विश्व समुदाय देश की प्रयोगशालाओं में किए जा रहे कार्यों को अपनाने के लिए उत्सुक होगा।

## लोकसभा अध्यक्ष ने यमुना के जल्द स्वच्छ होने की उम्मीद जतायी

**मथुरा :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को मथुरा की अपनी यात्रा के दौरान सपरिवार वृन्दावन के केशीघाट पहुंचकर यमुना नदी की पूजा-अर्चना की। बिरला ने उम्मीद भी जताई कि कालिंदी को प्रदूषणमुक्त बनाने के प्रयास चल रहे हैं और जल्द ही यमुना मैया पहले की भांति स्वच्छ और निर्मल जल से परिपूर्ण नजर आएंगी। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीधे वृन्दावन के केशीघाट पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ने आचार्य शरद गोस्वामी के निर्देशन में वेदपाठी विप्रों के स्वस्तिवाचन के उच्चारण के बीच सपरिवार यमुना पूजन कर आरती की। उनके स्वागत के लिए पहुंचे लोगों ने यमुना महारानी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। बिरला ने बाद में संवाददाताओं से कहा, ''इस पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। गंगा-यमुना सब स्वच्छ हों। इनकी अविरल धारा हमें नयी ऊर्जा देती है। मैं यमुना की धरती को नमन करता हूं। ये सबका कल्याण करें।'' यमुना प्रदूषण के मुद्दे पर उन्होंने कहा, ''यमुना की स्वच्छता के लिए अभियान चल रहा है। इसका व्यापक अभियान चलेगा। यमुना स्वच्छ होगी।'' बिरला ने इस दौरान संतों और स्थानीय भक्तों से बातचीत की तथा क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में जाना। इसके बाद वे काफिले के साथ ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन करने मंदिर पहुंचे। वहां भी उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर अपने आराध्य का पूजन-अर्चन किया।

## हाइड्रोजन ईंधन वाले वाहनों के लिए पांच पायलट परियोजनाएं शुरू

**नयी दिल्ली :** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत परीक्षण के लिए हाइड्रोजन ईंधन आधारित वाहनों का उपयोग करने को लेकर पांच पायलट परियोजनाएं शुरू की हैं। देशभर में पायलट परियोजनाओं के तहत परीक्षण के लिए बसों और ट्रकों सहित 37 हाइड्रोजन-ईंधन वाले वाहनों का उपयोग किया जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि ये वाहन देशभर में 10 अलग-अलग मार्गों पर चलेंगे। बयान के अनुसार, उपरोक्त परियोजनाएं टाटा मोटर्स लि., रिलायंस इंडस्ट्रीज लि., एनटीपीसी, एएनईआरटी, अशोक लेलैंड, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल जैसी प्रमुख कंपनियों को दी गई हैं। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के हिस्से के रूप में, सरकार ने बसों और ट्रकों में हाइड्रोजन का उपयोग करने के लिए पांच पायलट परियोजनाएं शुरू की हैं। इससे पहले, मंत्रालय ने इस मिशन के तहत परिवहन क्षेत्र में पायलट परियोजनाओं को लागू करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे। मंत्रालय ने कहा कि उसके अनुसार विभिन्न प्रकार के हाइड्रोजन-आधारित वाहनों, मार्गों और हाइड्रोजन ईंधन भरने वाले स्टेशनों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। विस्तृत जांच के बाद, कुल 37 वाहनों (बसों और ट्रकों) और नौ हाइड्रोजन ईंधन स्टेशन से जुड़ी पांच पायलट परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है।

## दहेज मृत्यु गंभीर चिंता का विषय: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दहेज मृत्यु एक ''गंभीर सामाजिक चिंता'' बनी हुई है और अदालतों का यह कर्तव्य है कि वे ऐसे मामलों में जमानत दिए जाने की परिस्थितियों की गहराई से पड़ताल करें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि दहेज-मृत्यु के मामलों में अदालतों को व्यापक सामाजिक प्रभाव के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि यह अपराध सामाजिक न्याय और समानता की जड़ों पर प्रहार करता है। पीठ ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज के समाज में दहेज मृत्यु एक गंभीर सामाजिक चिंता बनी हुई हैं और हमारी राय में अदालतों का यह कर्तव्य है कि वे उन परिस्थितियों की गहन पड़ताल करें जिनके तहत इन मामलों में जमानत दी जाती है।'' उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा उस महिला के सास-ससुर को दी गई जमानत रद्द कर दी, जो शादी के दो साल के भीतर जनवरी 2024 में अपने ससुराल में मृत पाई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि दहेज के लिए महिला के सस-ुराल वालों द्वारा उसे लगातार परेशान किया जाता था और उसके साथ क्रूरता की जाती थी। पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में सख्त न्यायिक पड़ताल आवश्यक है, जहां शादी के ठीक बाद एक महिला ने ससुराल में अपनी जान गंवा दी, खासकर जहां रिकॉर्ड में दहेज की मांग पूरी न होने पर लगातार उत्पीड़न की बात कही गई हो।

## झारखंड में एनआरसी लागू करने का समय आ गया है: भाजपा सांसद निशिकांत दुबे

**नयी दिल्ली :** झारखंड में कथित जनसांख्यिकीय बदलाव का मुद्दा उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा कि समय आ गया है कि केंद्र सरकार राज्य में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने पर विचार करे और अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को 'हथकड़ी' लगाकर बाहर निकाले। गोड्डा से सांसद ने दावा किया कि 2011 की जनगणना के अनुसार झारखंड में आदिवासियों की आबादी 45 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत पर आ गई है और साथ ही आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए राज्य का 'इस्लामीकरण' कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे वोट के लिए केवल भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा, ''झारखंड आज ज्वालामुखी पर बैठा है। वह बांग्लादेश के साथ विलय के लिए तैयार है क्योंकि बांग्लादेशी घुसपैठियों (अवैध प्रवासियों) ने इसकी जनसांख्यिकी को पूरी तरह बदल दिया है।'' उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत में कहा, ''अब समय आ गया है जब भारत सरकार को झारखंड के बारे में अलग तरीके से सोचना होगा। एनआरसी ही एकमात्र विकल्प बचा है। एनआरसी लागू करें। बांग्लादेशियों को पकड़ें और उन्हें भगाएं। उन्हें हथकड़ी लगाकर बाहर निकाला जाना चाहिए क्योंकि ट्रंप (प्रशासन) ने हथकड़ी लगाकर अवैध प्रवासियों को निर्वासित (अमेरिका से) किया है।''

## शादी के तुरंत बाद बच्चे पैदा करें, जनसंख्या को सांसदों की संख्या के लिहाज से देखें: स्टालिन



**नागपट्टिनम (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने युवाओं को शादी के तुरंत बाद बच्चे पैदा करने की सलाह दी और कहा कि अधिक जनसंख्या अधिक संसदीय सीटें पाने का मानदंड प्रतीत होती है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष स्टालिन ने एक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कई साल पहले नवविवाहितों को सलाह दी जाती थी कि वे शादी के तुरंत बाद बच्चे पैदा न करें। उन्होंने कहा कि हालांकि, अब यह सलाह नहीं दी जानी चाहिए और इसकी कोई जरूरत भी नहीं है। स्टालिन ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि अब ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि अधिक जनसंख्या होने पर ही अधिक सांसद सुनिश्चित होंगे क्योंकि परिसीमन की प्रक्रिया जनसंख्या के आधार पर होगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने जनसंख्या नियंत्रण पर ध्यान दिया और इसमें सफल रहा लेकिन अब राज्य इसका परिणाम भुगत रहा है। उन्होंने दूल्हा-दुल्हन से अपील करते हुए कहा, ''मैं आपसे यह नहीं कहूंगा कि आप जल्दबाजी में बच्चे पैदा न करें, बल्कि तुरंत बच्चे पैदा करें; और उन्हें सुंदर तमिल नाम दें।'' स्टालिन ने एक तमिल कहावत का जिक्र करते हुए 21 अक्टूबर 2024 को कहा था कि लोकसभा परिसीमन की कवायद लोगों को ''16 बच्चों'' के पालन-पोषण के बारे में सोचने पर मजबूर कर सकती है। पिछले वर्ष, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने राज्य के लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह किया था। उन्होंने लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर नयी नीतियां बनाने की बात की थी। नायडू ने यह भी कहा था कि कोई व्यक्ति सरपंच, नगर पार्षद या महापौर तभी बन सकता है जब उसके दो से ज़्यादा बच्चे हों। गिरती जन्म दर पर चिंता जताते हुए नायडू ने कहा था कि भारत को दक्षिण कोरिया और जापान जैसे दूसरे देशों द्वारा की गई गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए, जहां जन्म दर में भारी गिरावट आई है।

## केरल में नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के जुर्म में उत्तर प्रदेश के पांच लोगों को उम्रकैद

**कोच्चि (केरल) :** कोच्चि की एक अदालत ने पांच साल पहले केरल की 14 वर्षीय एक लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में सोमवार को उत्तर प्रदेश के पांच लोगों को आजीवन कारावास और अतिरिक्त 40 साल की कैद की सजा सुनाई। पेरुम्बवूर त्वरित (पॉक्सो) विशेष अदालत के न्यायाधीश दिनेश एम पिल्लई ने फरहाद खान, हारून खान, आशु, फईम और शाहिद को मामले में दोषी पाया। यह अपराध 2020 में हुआ था। पांचों आरोपी प्रवासी मजदूर हैं और वे पीड़िता के घर के पास ही रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक कोविड-19 महामारी के दौरान आरोपियों ने हिंदी बोलने में माहिर इस लड़की को सिम कार्ड दिलाने का वादा करके अपने जाल में फंसाया। इसके बाद वे उसे अकेले-अकेले एवं समूह में भी अलग-अलग जगहों पर ले गए, जहां उन्होंने उसका यौन शोषण किया। हारून खान को एक मामले में 40 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई तथा उस पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## ओडिशा: इलाज के नाम पर एक महीने के बच्चे को लोहे की गर्म छड़ से 40 बार दागा

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के नबरंगपुर जिले में इलाज के नाम पर एक महीने के बच्चे को लोहे की गर्म छड़ से करीब 40 बार दागने का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने यह सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद बच्चे को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। उन्होंने बताया कि बच्चा नबरंगपुर जिले के चंदाहांडी खंड के गंभरीगुडा पंचायत के फुंडेलपाड़ा गांव का निवासी है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे को इलाज के लिए उमरकोट उप-संभागीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नबरंगपुर के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) डॉ. संतोष कुमार पांडा ने अस्पताल का दौरा किया और बताया कि शिशु के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया, ''बच्चे के पेट और सिर पर दागने के करीब 30 से 40 निशान हैं। घटना को अंधविश्वास की वजह से अंजाम दिया गया क्योंकि परिवार के सदस्यों का मानना था कि अगर बच्चे को लोहे की गर्म छड़ से दागा जाएगा तो उसकी बीमारियां ठीक हो जाएंगी।'' चिकित्सक ने बताया कि दस दिन पहले बच्चे को बुखार आया था और वह बहुत रो रहा था। पांडा ने बताया कि बच्चे के परिजनों का मानना था कि उस पर किसी बुरी आत्मा का साया है।

## विदेशी महिला की जांघ पर भगवान जगन्नाथ के टैटू से ओडिशा में आक्रोश, दो लोग गिरफ्तार



**भुवनेश्वर :** ओडिशा में एक विदेशी महिला द्वारा अपनी जांघ पर भगवान जगन्नाथ का टैटू बनवाने से आक्रोश फैल गया, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में टैटू बनाने वाले कलाकार और उसके मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला द्वारा भुवनेश्वर के एक 'पार्लर' में बनवाए गए टैटू की तस्वीर सोशल मीडिया पर आई, जिसके बाद भगवान जगन्नाथ के भक्तों ने विरोध प्रदर्शन किए। उन्होंने बताया कि महिला एक गैर-सरकारी संगठन के लिए काम करती है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले पर विवाद बढ़ने के बाद विदेशी नागरिक और 'टैटू पार्लर' के मालिक ने सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। उन्होंने बताया कि कुछ जगन्नाथ भक्तों ने रविवार को साहिद नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 (जानबूझकर किया गया और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, जिसका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना है) के तहत मामला दर्ज किया गया। भुवनेश्वर के सहायक पुलिस आयुक्त (जोन-5) बिस्वरंजन सेनापति ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शिकायतकर्ताओं ने 'टैटू पार्लर' के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सेनापति ने कहा, ''जांच के दौरान हमें पता चला कि विदेशी महिला एक मार्च को टैटू की दुकान पर आई थी। टैटू पार्लर के मालिक रॉकी रंजन बिसोई के निर्देश पर अश्विनी कुमार प्रधान ने महिला की जांघ पर टैटू बनाया।''

## 'आईआईटी बाबा' जयपुर में गिरफ्तार, जमानत पर रिहा किया गया



**जयपुर :** महाकुंभ से चर्चा में आए 'आईआईटी बाबा' अभय सिंह को पुलिस ने सोमवार को यहां गिरफ्तार कर लिया हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अभय सिंह को शिप्रापथ थाना क्षेत्र में एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उसके पास मादक पदार्थ गांजे की एक पुड़िया मिली है। थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार गोदारा ने बताया कि सोमवार को अभय सिंह के आत्महत्या करने की धमकी देने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने संबंधी सूचना पुलिस को मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने अभय सिंह की लोकेशन के आधार पर उसे एक होटल में पकड़कर उससे पूछताछ की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसके पास से मादक पदार्थ गांजे की एक पुड़िया बरामद की है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि उसे बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। बाद में अभय सिंह को यहां ऋद्धि सिद्धि चौराहे पर होटल के पास अपने प्रशंसकों के साथ चाय पीते हुए देखा गया। उन्होंने केक भी काटा। उनके प्रशंसकों ने कहा कि आज उनका जन्मदिन है।

## बुलेट ट्रेन परियोजना: 386 किमी तक खंभों का आधार तैयार, पटरी बिछाना अभी बाकी



**नयी दिल्ली :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना से जुड़े काम में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और इसके तहत 27 फरवरी, 2025 तक 386 किलोमीटर तक खंभों का आधार (पियर फाउंडेशन) तैयार करने समेत 272 किमी लंबे 'वायडक्ट' का काम पूरा कर लिया गया है जबकि इसकी कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। 'नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड' (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पटरी बिछाने का काम अभी शुरू किया जाना बाकी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत शनिवार को इसकी प्रगति की समीक्षा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया और निर्माण कार्य की गति पर संतोष व्यक्त किया। एनएचएसआरसीएल के अनुसार, 386 किलोमीटर तक 'पियर फाउंडेशन' का काम पूरा होने के अलावा, 372 किलोमीटर की दूरी तक खंभे तैयार करने का काम पूरा हो गया है और 305 किलोमीटर पर 'गर्डर कास्टिंग' भी की गई है। सिविल इंजीनियरिंग कार्य में लगे विशेषज्ञों ने बताया कि 'पियर फाउंडेशन' पहला चरण है जिसके तहत जमीन के नीचे एक बड़े व्यास वाले बेलनाकार स्तंभ के लिए आधार खोदा जाता है। जब इस स्तंभ को कंक्रीट और धातु का उपयोग करके जमीन के ऊपर बनाया जाता है तो इसे 'पियर कार्य' कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, दो खंभों (पियर) को जोड़ने के लिए उनके ऊपर रखे गए कंक्रीट के 'सु-परस्ट्रक्चर' को 'गर्डर कास्टिंग' के रूप में जाना जाता है और जब ऐसी संरचनाओं की एक श्रृंखला तैयार हो जाती है, तो इसे 'वायडक्ट' कहा जाता है। एनएचएसआरसीएल ने कहा कि 305 किलोमीटर तक गर्डर कास्टिंग का काम पूरा हो चुका है और 'ट्रैक बेड' (जिस पर अंततः पटरी बिछाई जाएगी) गुजरात में 112 किलोमीटर तक तैयार किया जा चुका है। एनएचएसआरसीएल की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''गुजरात में ओवरहेड विद्युतीकरण का काम शुरू हो गया है।'' अधिकारियों ने कहा कि हालांकि अभी पटरी बिछाने का काम शुरू नहीं हुआ है, लेकिन जल्द ही यह काम शुरू हो जाएगा क्योंकि इससे जुड़े सभी अन्य बुनियादी ढांचे का काम पूरा हो चुका है। परियोजना की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है, जिसमें से 352 किलोमीटर गुजरात और दादर एवं नगर हवेली में है और शेष 156 किलोमीटर महाराष्ट्र में है। इसमें कहा गया है, ''जिन 12 स्टेशनों की योजना बनाई गई है उनमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं।'' विज्ञप्ति में बताया गया है कि, ''गुजरात के आठ में से छह स्टेशनों पर ढांचागत काम पूरा हो चुका है और महाराष्ट्र में तीन 'एलिवेटेड स्टेशनों' पर काम शुरू हो चुका है। जहां तक 12वें स्टेशन यानी मुंबई का सवाल है, उसका 'बेस स्लैब' डाला जा रहा है।'' एनए-चएसआरसीएल के अनुसार, 508 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 13 नदी पुल हैं और ये सभी तैयार हो चुके हैं।

## सोलह माह का शिशु ओडिशा का सबसे कम उम्र का अंगदाता बना, उसने दो लोगों की जान बचायी

**भुवनेश्वर :** दो मरीजों को नया जीवन प्रदान कर भुवनेश्वर का 16 महीने का एक शिशु ओडिशा का सबसे कम उम्र का अंगदाता बन गया है। भुवनेश्वर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जन्मेश लेंका (16 माह) के माता-पिता ने यह साहसी निर्णय लिया, जिसने उनकी व्यक्तिगत त्रासदी को दूसरों के लिए आशा की किरण में बदल गयी। जन्मेश ने सांस लेने के दौरान कोई बाहरी वस्तु अंदर ले ली थी जिससे उसकी सांस की नली में रुकावट आ गई और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उसके बाद उसे 12 फरवरी को एम्स भुव-नेश्वर के शिशु रोग विभाग में भर्ती कराया गया। एम्स के अधिकारी ने बताया कि 'तत्काल कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर)' दिये जाने और अगले दो सप्ताह तक उसके स्वास्थ्य को स्थिर करने के लिए गहन देखभाल टीम द्वारा अथक प्रयास किये जाने के बावजूद, एक मार्च को इस शिशु को 'ब्रेन डेड (दिमागी तौर पर मृत)' घोषित कर दिया गया। अधिकारी के अनुसार दूसरों को जीवन का उपहार देने की संभावना को पहचानते हुए एम्स की चिकित्सा टीम ने शोक संतप्त माता-पिता को अंगदान का परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि शिशु के माता-पिता ने अपने बच्चे के अंगों को जीवन रक्षक प्रत्यारोपण के लिए इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी। इस सहमति के बाद, शल्य चिकित्सकों और प्रत्यारोपण समन्वयकों की एक बहु-विषयक टीम ने शीघ्रता से प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सुगम बनाया। अधिकारी ने बताया कि डॉ. ब्रह्मदत्त पटनायक के नेतृत्व में 'गैस्ट्रो-सर्जरी टीम (पेट संबंधी रोगों के चिकित्सक)' द्वारा यकृत को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया और उसे नयी दिल्ली स्थित यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) ले जाया गया, जहां उसे अंतिम चरण के यकृत विफलता से पीड़ित एक बच्चे में प्रत्यारोपित किया गया। अधिकारी के मुताबिक वृक्क को निकालकर एम्स भुवनेश्वर में एक किशोर मरीज में एक साथ प्रत्यारोपित किया गया। उन्होंने बताया कि मूत्रविज्ञान विभाग के डॉ. प्रशांत नायक के नेतृत्व में यह जटिल शल्य प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। यह राज्य में 'एकसाथ वृक्क प्रत्यार-ोपण का दूसरा मामला था, जो एक अत्यधिक विशिष्ट शल्य चिकित्सा पद्धति है।

## न्यूज ब्रीफ

### छह टीमों का महिला वनडे विश्व कप क्वालीफायर पाकिस्तान में

**कराची:** पाकिस्तान इस महीने के आखिर में छह टीमों के महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की कि वे तारीखों और स्थान के लिये आईसीसी के संपर्क में हैं। छह टीमें पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, आयरलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड और वेस्टइंडीज हैं। अधिकारी ने बताया कि ये मैच कराची, मुल्तान और फैसलाबाद में हो सकते हैं क्योंकि पाकिस्तान सुपर लीग का दसवां सत्र भी 11 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

### मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवालकर का निधन



**मुंबई:** मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। भारत के लिए कभी नहीं खेले पाने वाले सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में शामिल शिवालकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया और 48 साल की उम्र तक खेलना जारी रखा। उन्होंने भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में 361 विकेट लिए जिसमें ग्यारह बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल हैं। शिवालकर ने 12 लिस्ट ए मैचों 16 विकेट लिए है। उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा 2017 में सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है।

## आज वर्ल्ड कप फाइनल की हार का बदला लेने उतरेगी भारतीय टीम

# यह हमारा घर नहीं है, पिच से हमें अलग तरह की चुनौतियां मिली : रोहित शर्मा

### वरूण के प्रदर्शन के बाद चार स्पिनर लुभावना संयोजन : रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यह नहीं बताया कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में वह चार स्पिनरों को लेकर उतरेंगे या नहीं लेकिन कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ वरूण चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन के बाद यह लुभावना विकल्प लग रहा है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को उतारा। चारों ने मिलकर नौ विकेट लिये और भारत ने 44 रन से जीत दर्ज की। रोहित ने सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा,' हमें सोचना होगा। अगर हम चार स्पिनरों को लेकर उतरना भी चाहें तो चार स्पिनरों की जगह कैसे बनेगी । मैं ऐसा इसलिये कह रहा हूं क्योंकि हम यहां के हालात से वाकिफ हैं और हमें पता है कि क्या काम करेगा और क्या नहीं।' उन्होंने कहा,' इस पर विचार करेंगे कि सही संयोजन क्या होगा लेकिन यह काफी लुभावना विकल्प है।' तेज गेंदबाज हर्षित राणा के विकल्प के तौर पर खेलते हुए चक्रवर्ती ने 42 रन देकर पांच विकेट लिये।



**दुबई:** कप्तान रोहित शर्मा ने इस धारणा को खारिज किया कि सारे मैच दुबई में खेलने से उनकी टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में फायदा हो रहा है । उन्होंने कहा कि यह उनका घरेलू मैदान नहीं है और पिचों से उनकी टीम को अलग तरह की चुनौतियां मिली है। पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा है कि भारत को सारे मैच एक ही जगह पर खेलने से दूसरी टीमों के मुकाबले हालात के अनुकूल बेहतर ढलने में मदद मिली है। रोहित ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा,' हर बार पिच से अलग तरह की चुनौती मिलती है। यहां हमने तीन मैच खेले हैं और तीनों मैचों में पिच का स्वभाव अलग रहा है । यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हमने यहां उतने मैच भी नहीं खेले हैं । यह हमारे लिये भी नया है।' उन्होंने कहा कि उनकी टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले तुरंत हालात के अनुरूप ढलना होगा। उन्होंने कहा,' यहां चार या पांच पिचें इस्तेमाल की जा रही है। मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच होगी । लेकिन जो भी हो, हमें खुद को ढालना होगा और उस पर खेलना होगा।' रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच का उदाहरण देते हुए कहा,'हमने देखा जब गेंदबाज गेंद डाल रहे थे और वह स्विंग ले रही थी। पहले दो मैचों में ऐसा नहीं था। पिछले मैच में हमने देखा कि उतना स्पिन नहीं मिल रहा है। लिहाजा अलग अलग पिच पर अलग चुनौतियां है हमें नहीं पता होता कि पिच कैसी रहेगी या कैसी नहीं।'

### गेफेनी और इलिंगवर्थ भारत . आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर

**दुबई:** न्यूजीलैंड के क्रिस गेफेनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। इंग्लैंड के माइकल गाफ तीसरे अंपायर और जिम्बाब्वे के एंडी पायक्रॉफ्ट मैच रैफरी होंगे। इलिंगवर्थ रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के मैच में भी अंपायर थे। गेफेनी को 25 फरवरी को रावलपिंडी में आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के मैच में अंपायरिंग करनी थी लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द हो गया।

### दोनों टीमों पर सेमीफाइनल जीतने का दबाव होगा, अपेक्षाओं के दबाव को रोहित ने नहीं दिया तूल

चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत पर दबाव को खारिज करते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि दोनों टीमों पर जीत का बराबर दबाव होगा। भारत ने आईसीसी नॉकआउट मैचों में 2011 विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद से आस्ट्रेलिया को नहीं हराया है। रोहित ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा,'आस्ट्रेलिया बेहतरीन टीम है। हम विरोधी टीम को समझते हैं कि वे कैसा खेलते हैं। हमने पिछले तीन मैचों में जिस तरह का रवैया अपनाया है, वैसे ही खेलना है।' उन्होंने कहा,' हमें उम्मीद है कि सेमीफाइनल काफी चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन इन दिनों ऐसे ही खेला जाता है और ये तो सेमीफाइनल है। दोनों टीमों पर जीत का दबाव होगा।' रोहित ने कहा कि आस्ट्रेलिया से कठिन चुनौती मिलेगी लेकिन उनकी टीम उसका सामना करने में सक्षम है।

### ऋषभ पंत को लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया



**नयी दिल्ली:** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना से बचने के खेल में वापसी पर प्रतिष्ठित लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार 2025 के 'कमबैक ऑफ द ईयर (वापसी करने वाले साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी)' श्रेणी में नामांकित किया गया है। पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में होगा। पंत को 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय कार दुर्घटना का सामना करना पड़ा था। देहरादून के एक अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद इस 27 साल के खिलाड़ी को मुंबई ले जाया गया, जहां बीसीसीआई के विशेषज्ञ सलाहकार की देखरेख में उनका इलाज हुआ। दाएं घुटने के तीनों लिगामेंट की सर्जरी के बाद पंत ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा किया। पंत चोट से उबरने के बाद पिछले साल मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैदान में उतरे। पंत ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में विजयी वापसी की और कार दुर्घटना के बाद अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक बनाया। उनके प्रदर्शन ने भारत को 280 रनों से जीत दिलाने में मदद की।

### अजिंक्य रहाणे को आईपीएल 2025 से पहले केकेआर का कप्तान बने

नयी दिल्ली, तीन मार्च (भाषा) भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को घरेलू टी20 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी सौंपी गई। छत्तीस साल के रहाणे ने भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 85 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने हालांकि सबसे छोटे प्रारूप में खुद को फिर से स्थापित करते हुए इस साल सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में 164.56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाये। वह इस टूर्नामेंट के बीते सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। दायें हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में भी पिछले कुछ वर्षों में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आक्रमक बल्लेबाजी की है। रहाणे ने केकेआर के कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर की जगह ली है। श्रेयस इस सत्र में पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे। पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद भी श्रेयस और केकेआर ने अलग होने का फैसला किया। केकेआर की कप्तानी करने की दौड़ में शामिल रहे वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया गया है।



## बीसीसीआई सचिव ने रोहित पर 'ओछी' टिप्पणी के लिये कांग्रेस प्रवक्ता को फटकार लगायी



**नयी दिल्ली:** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी और फिटनेस के स्तर पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद को आड़े हाथों लेते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि ऐसे में जबकि भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी खेल रही है, एक जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा इस तरह का 'ओछा' बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में दुबई में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से सेमीफाइनल खेलेगी सैकिया ने पीटीआई से कहा,' यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक जिम्मेदार व्यक्ति ऐसा ओछा बयान दे रहा है, जब टीम इतना महत्वपूर्ण आईसीसी टूर्नामेंट खेल रही है। इससे व्यक्ति या टीम का मनोबल गिर सकता है।' उन्होंने कहा,' सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और नतीजे सामने हैं। उम्मीद है कि लोग प्रचार पाने के लिये राष्ट्रहित को ताक पर रखकर इस तरह की ओछी बयानबाजी से बाज आयेंगे।' शमा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट से सोशल मीडिया में बवाल खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने स्वीकार किया कि उन्होंने मर्यादा का उल्लंघन किया है और पार्टी ने उनसे पोस्ट डिलीट करने के लिये भी कहा। शमा ने अपनी पोस्ट में कहा था कि शर्मा 'एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं।' उन्होंने यह भी कहा था, 'उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! ... और निश्चित रूप से भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान।''

### बेहद शर्मनाक और पूरी तरह से निराशाजनक: मांडविया

**नयी दिल्ली:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी और फिटनेस के स्तर पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद पर निशाना साधाते हुए इसे 'बेहद शर्मनाक' और 'पूरी तरह से दयनीय' करार दिया। शमा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैच के दौरान रोहित के 17 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट होने के बाद रोहित की फिटनेस पर कप्तानी पर सवाल उठाया था। मांडविया ने एक्स पर लिखा,' कांग्रेस और टीएमसी को खिलाड़ियों को अकेला छोड़ देना चाहिए क्योंकि वे अपने पेशेवर जिंदगी को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं।'उन्होंने कहा, 'इन पार्टियों के नेताओं द्वारा खिलाड़ी के शरीर को लेकर की गयी टिप्पणी और टीम में जगह को लेकर उठाये गये सवाल न केवल बेहद शर्मनाक है बल्कि पूरी तरह से दयनीय भी है।' खेल मंत्री ने कहा,'इस तरह की टिप्पणियां हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और त्याग को कमतर आंकती हैं जो वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए करते हैं।' शमा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट से सोशल मीडिया में बवाल खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने स्वीकार किया कि उन्होंने मर्यादा का उल्लंघन किया है और पार्टी ने उनसे पोस्ट डिलीट करने के लिये भी कहा।

## भारतीय स्पिनरों का सूखी पिच पर सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा: स्मिथ



**दुबई:** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने यहां की सूखी पिच पर स्पिनरों की अहम भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उनकी टीम की किस्मत इस बात पर निर्भर करेगी कि वे भारतीय स्पिनरों का सामना कैसे करते हैं। भारतीय टीम ने रविवार को यहां ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में चार स्पिनरों का इस्तेमाल कर न्यूजीलैंड की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को 205 रन पर आउट कर 44 रन से जीत दर्ज की। स्मिथ ने भारत के खिलाफ अंतिम-चार मैच की पूर्व संध्या पर सोमवार को कहा, 'मुझे लगता है कि सिर्फ (वरुण) चक्रवर्ती ही नहीं, बल्कि उनके बाकी स्पिनर भी कमाल के हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमारे लिए मैच का परिणाम शायद इस बात पर निर्भर करता है कि हम उनके स्पिनरों का सामना कैसे करते हैं। यह काफी चुनौतीपूर्ण होने वाला है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि गेंद को कुछ टर्न मिलेगी और हमें इसका मुकाबला करना होगा। हम देखेंगे कि किस तरह से स्पिनरों का सामना करते हैं। हमारे पास कुछ विकल्प हैं।' स्मिथ ने यह भी उम्मीद जताई कि नॉकआउट मैचों में भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक बार फिर दमखम दिखायेंगे। उन्होंने कहा,'जब भी आप कोई बड़ा मैच खेलते हैं तो दबाव होता है। लेकिन ट्रेविस ने अतीत में कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। आप जानते हैं कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली मैच में शानदार लय में थे।'उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि वह यहां आकर उसी तरह खेलना चाहेंगे जैसे वह लंबे समय से आक्रामकता के साथ खेलते आए हैं। उम्मीद है कि वह पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'



### संकट में फंसी छोटी इकाइयों के प्रति सहानुभूति दिखाना महत्वपूर्ण: डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे



**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने सोमवार को कहा कि समस्या में फंसी छोटी इकाइयों के कर्जदारों के प्रति सहानुभूति दिखाना वित्तीय संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अहमदाबाद में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में कर्ज प्रवाह की समीक्षा के लिए स्थायी सलाहकार समिति की 29वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी इकाइयां देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के बाद जारी केंद्रीय बैंक की विज्ञप्ति के अनुसार, 'डिप्टी गवर्नर ने वित्तीय संकट का सामना कर रहे एमएसएमई के प्रति निष्पक्ष ऋण गतिविधियों, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के महत्व का उल्लेख किया।' बैठक में वित्तीय संकट में एमएसएमई के तेजी से पुनरुद्धार पर भी विचार-विमर्श किया गया। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि आरबीआई यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई), अकाउंट एग्रीगेटर रूपरेखा और नियामकीय सैंडबॉक्स जैसी पहल के माध्यम से संस्थागत ऋण समर्थन को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता, सूचना की कमी और देरी से भुगतान जैसी चुनौतियां हैं। इसका डिजिटल माध्यम, वैकल्पिक क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल आदि के जरिये समाधान किया जा सकता है।

### बिकवाली दबाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 112 अंक टूटा, निफ्टी नौवें दिन नुकसान में

**मुंबई:** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 112 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने के बीच बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 112.16 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 73,649.72 अंक तक गया और नीचे में 72,784.54 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में लगातार नौवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 5.40 अंक यानी 0.02 प्रतिशत के मामूली नुकसान के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 120 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्युटिकल्स और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर सबसे अधिक 2.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,171.10 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 3.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52 सप्ताह के निचले स्तर 1,156 रुपये पर आ गया था। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार कारोबार के दौरान निचले स्तर से धीरे-धीरे ऊपर आया। इसका कारण आर्थिक वृद्धि के आंकड़े हैं। खपत व्यय बढ़ने और कृषि क्षेत्र में वृद्धि से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

## डेयरी क्षेत्र में बायोगैस उत्पादन, अन्य संभावनाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत: अमित शाह



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत के दूसरी श्वेत क्रांति की दिशा में प्रयासरत होने का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के गोबर बायोगैस उत्पादन के तीन मॉडलों को अगले दो वर्षों में कम-से-कम 250 जिला डेयरी सहकारी समितियों तक बढ़ाए जाने की जरूरत है। डेयरी क्षेत्र पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'कृषि के अलावा अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए डेयरी क्षेत्र किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। दूसरी श्वेत क्रांति की शुरुआत में टिकाऊपन और संसाधनों के अधिकतम उपयोग (सर्कुलैरिटी) पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है।' सहकारिता मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में 'सर्कुलैरिटी' को गोबर बायोगैस उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि पूरे डेयरी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के हर पहलू का उपयोग करना चाहिए। शाह ने कहा, 'खेती से पलायन को कम करने और किसानों को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के लिए डेयरी क्षेत्र से बेहतर कोई विकल्प नहीं है।' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की पूरी क्षमता का पता लगाने से पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, 15 राज्यों के डेयरी सहकारी संघों ने बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए एनडीडीबी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। शाह ने कहा, 'देश में लगभग 16 करोड़ टन गोबर उपलब्ध है। बायोगैस संयंत्र लगाने की योजना बनाते समय गोबर की आपूर्ति के लिए सहकारी और गैर-सहकारी दोनों क्षेत्रों के किसानों को शामिल किया जाना चाहिए।' उन्होंने इन संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। पशु आहार और चारे के बारे में मंत्री ने कहा, 'इसे सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाना चाहिए और एक पूर्ण नेटवर्क स्थापित करने की जरूरत है क्योंकि इससे न केवल दूध उत्पादन बढ़ेगा बल्कि सहकारी समितियां भी मजबूत होंगी।'

## आईआरसीटीसी, आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा

### अश्विनी वैष्णव ने दी रेलवे को बधाई







**नयी दिल्ली:** सरकार ने सोमवार को आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम (सीपीएसई) का दर्जा देने को मंजूरी दी। इसके साथ रेलवे के सूचीबद्ध सातों उपक्रम को नवरत्न का दर्जा मिल गया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) रेल मंत्रालय का एक उपक्रम है और भारत में एकमात्र इकाई है जो ऑनलाइन टिकट बुकिंग और खानपान सेवाएं देती है। बयान के अनुसार, 'रेलवे के उपक्रम आईआरसीटी का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में 4,270.18 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 1,111.26 करोड़ रुपये था।' भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) सबसे प्रतिस्पर्धी दरों और शर्तों पर बाजार उधार के माध्यम से भारतीय रेलवे की अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (ईबीआर) की आवश्यकता को पूरा करने में मदद करता है। आईआरएफसी का वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना कारोबार 26,644 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 6,412 करोड़ रुपये था। दोनों सीपीएसई को बधाई देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'नवरत्न का दर्जा मिलने पर आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को बधाई।' भारतीय रेलवे के 12 उपक्रम हैं जिनमें से सात सूचीबद्ध हैं। मंत्रालय ने कहा, 'रेलवे के सभी उपक्रम लाभ कमाने वाली इकाइयां हैं। उनका एकीकृत लाभ वित्त वर्ष बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 11,780 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2020-21 में 7,015 करोड़ रुपये था। यह तीन वित्त वर्षों में 68 प्रतिशत की वृद्धि है।' इसमें कहा गया, ''पिछले तीन साल में सभी सूचीबद्ध रेलवे उपक्रमों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। मार्च, 2021 में यह 1.15 लाख करोड़ रुपये था जो दिसंबर, 2024 में बढ़कर 4.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। सभी सूचीबद्ध इकाइयां लाभांश का भुगतान कर रही हैं।।' बयान के अनुसार, नवरत्न का दर्जा पाने वाला पहला केंद्रीय उपक्रम जुलाई, 2014 में कानकॉर (भारतीय कंटेनर निगम लि.) था। अधिकारियों के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यकाल में आरवीएनएल (रेल विकास निगम लि.), इरकॉन (इरकॉन इंटरनेशनल लि.), राइट्स लि., रेलटेल कॉरपोरेशन, आईआरसीटीसी और आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा दिया गया है। आरवीएनएल को मई, 2023 में नवरत्न का दर्जा मिला, वहीं इरकॉन और राइट्स ने अक्टूबर 2023 में यह दर्जा हासिल किया। दूरसंचार बुनियादी ढांचा कंपनी रेलटेल को अगस्त, 2024 में नवरत्न का दर्जा दिया गया।

## न्यूज अपडेट

### प्रधानमंत्री मोदी बजट पर आयोजित तीन वेबिनार में होंगे शामिल

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजट बाद होने वाले तीन वेबिनार में शामिल होंगे। वेबिनार के विषयों में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) और कारोबारी सुगमता शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा दोपहर लगभग 12:30 बजे होने वाला वेबिनार एमएसएमई विकास के इंजन, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन, नियामक, निवेश और कारोबार सुगमता विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि वेबिनार सरकारी अधिकारियों, उद्योगपतियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। चर्चा नीति कार्यान्वयन, निवेश सुविधा और प्रौद्योगिकी अपनाने पर केंद्रित होगी, जिससे बजट के परिवर्तनकारी उपायों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।

### अमेजन वेब सर्विसेज महाराष्ट्र में 2029-30 तक 8.2 अरब डॉलर निवेश करेगी: वैष्णव

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि अमेजन वेब सर्विसेज ने 2029-30 तक महाराष्ट्र में 8.2 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी यह निवेश नवीनतम और बेहतर कंप्यूटिंग सुविधा और क्लाउड प्रबंधन सेवाओं का उपयोग करने के लिए करेगी। वैष्णव ने कहा कि अमेजन वेब सर्विसेज की भारत में रोजगार बढ़ाने की भी योजना है। उन्होंने कहा, ''अमेजन वेब सर्विसेज की टीम ने आज मुलाकात की। उन्होंने आने वाले कुछ वर्षों में 2029-30 तक महाराष्ट्र में लगभग 8.2 अरब डॉलर के निवेश की अपनी पूरी योजना के बारे में बताया।'' मंत्री ने कहा कि कंपनी भारत में विकास को लेकर काफी आशावादी है। ''वे नई प्रौद्योगिकी ला रहे हैं, वे नवीनतम जीपीयू (ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट) उपयोग कर रहे हैं, जिसे उन्होंने आज साझा किया है।

### कॉमेडके/यूनिगेज यूजीईटी 2025 की प्रवेश परीक्षाओं के लिए 15 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कर्नाटक के उच्च शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के कारण देशभर के छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यहां की संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। अब, कॉमेडके यूजीईटी 2025 प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। यह परीक्षा शनिवार, 10 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। कॉमेडके यूजीईटी और यूनिगेज 2025 प्रवेश परीक्षा कर्नाटक के 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और देशभर के 50 से ज्यादा प्राइवेट विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए होगी। परीक्षा भारत के 200 से अधिक शहरों के 400 से ज्यादा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें 1.2 लाख से अधिक छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। 3 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं, जो 15 मार्च 2025 तक चलेंगे। कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ. कुमार ने कहा कि यह परीक्षा फेयरनेस, ट्रांसपेरेंसी और अवसर देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ईआरए फाउंडेशन के सीईओ पी. मुरलीधर कहते हैं, हम यूनिगेज के जरिए निष्पक्षता और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं।

वर्ष 9, पूर्णांक 4166 अंक 316, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in